www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 323 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

24 घंटों में 3 बड़े हादसे, 2 की मौत, 4 की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती — पृष्ठ 2
नई राजनीति की जरूरत, पुराने चेहरों का बोझ
तीस्ता नदी परियोजना पर बांग्लादेश ने भारत के विरुद्ध चीन से मदद मांगी — पृष्ठ 4
विधायक शर्मा ने की क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कमाना — पृष्ठ 6
आर्थिक विकास का इंजन बनेगा खनन क्षेत्र — पृष्ठ 8

सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इनकार

# पीथमपुर में ही जलेगा यूनियन कार्बाइड का कचरा

## आज होगा पहला ट्रायल, 24 थानों की पुलिस तैनात







**नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाने से रोकने वाली याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट में आज इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं के सभी पक्षों को हाईकोर्ट ने सुन लिया है इसलिए वह अभी कोई सुनवाई नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। अब कचरे का पहला ट्रायल शुक्रवार से शुरू होगा। इस दौरान पीथमपुर में कड़े सुरक्षा प्रतिबंध किए गए हैं। जबकि दूसरा ट्रायल 4 मार्च और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा। 3 जनवरी को हुए कचरा जलाने को लेकर हुए विरोध को देखते हुए प्रशासन अब कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है। आज पहले ट्रायल को देखते हुए पीथमपुर में करीब 24 थानों से 5 सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

पिछले दिनों जबलपुर हाईकोर्ट ने मामले में तीन चरणों में ट्रायल रन के आदेश दिए थे। इसके बाद पीथमपुर के रामकी संयत्र में भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाने के विरोध में याचिकाकर्ता चिन्मय मिश्रा याचिका दायर की थी।

उल्लेखनीय है कि 1984 में भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में हुए गैस रिसाव के चलते काफी लोगों की जान गई थी. इस हादसे के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा जमा था. इसी कचरे के निपटारे के लिए राज्य सरकार ने पीथमपुर स्थित रामकी संयंत्र को चुना था, लेकिन स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य का हवाला देकर विरोध करना शुरू कर दिया। स्थानीय संगठन ने पीथमपुर में जहरीले कचरे को लेकर आंशकित हैं। इसे लेकर इसी कारण पिछले कुछ महीनों से लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कचरा जलाने से यहां टॉक्सिक गैसें निकलेंगी, जिससे पीथमपुर और आसपास के शहरों की हवा दूषित हो सकती है।

राजमार्ग की हालत खराब तो टोल कैसा?

# हाईकोर्ट ने घटाया 80 प्रतिशत चार्ज

**जम्मू, देशबन्धु।** यदि सड़क की हालत खराब है तो फिर उस पर टोल टैक्स की वसूली करना तो यात्रा करने वालों के साथ अन्याय है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में यह बात कही है, जिसका असर पूरे देश में देखने को मिल सकता है।

अदालत ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आदेश दिया कि वह टोल टैक्स में 80 फीसदी तक की कटौती करे क्योंकि सड़क जर्जर है। अदालत ने यह फैसला नेशनल हाईवे 44 को लेकर दिया। अदालत ने कहा कि यदि सड़क पर निर्माण चल रहा है और उसकी हालत अच्छी नहीं है तो फिर उसके लिए टोल टैक्स का कलेक्शन नहीं होना चाहिए।

बेंच ने कहा कि टोल अच्छी सड़क के लिए लिया जाता है। यदि उसमें दिक्कत है तो फिर टोल ही क्यों वसूला जाए। चीफ जस्टिस ताशी रबस्तान और जस्टिस एमए चौधरी की बेंच ने हाईवे के पठानकोट-उधमपुर स्ट्रेच को लेकर कहा कि एनएचआई को यहां टोल टैक्स 20 फीसदी ही लेना चाहिए। बेंच ने कहा कि एनएचएआई तत्काल प्रभाव से इस हिस्से में पड़े वाले लखनपुर और बान प्लाजा से टोल की वसूली में 80 फीसदी तक की कटौती करे। यह आदेश तत्काल लागू होना है और सड़क की उचित मरम्मत का काम पूरा हुए बिना दोबारा से फीस को बढ़ाया नहीं जाएगा। यही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि इस हाईवे पर 60 किलोमीटर के दायरे से पहले कोई दूसरा टोल प्लाजा नहीं बनना चाहिए। यदि ऐसा कोई टोल प्लाजा बना है तो उसे महीने के अंदर खत्म किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# खड़गे-राहुल ने असम कांग्रेस के नेताओं के साथ की बैठक





**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने असम में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करके असम से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्री खरगे ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा, मैंने आज यहाँ इंदिरा भवन में असम के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। एक साल में असम के लोग भ्रष्टाचार, विभाजन और प्रतिशोध की राजनीति को त्याग देंगे। असम के 3.5 करोड़ लोग इस बदलाव के लिए कांग्रेस की ओर देख रहे हैं। चुनिदा मीडिया से संचालित कोई भी प्रचार असम के लोगों के परिवर्तन के संकल्प को हिला नहीं सकता।

## अमेरिका में घायल भारतीय छात्रा के माता-पिता को वीजा शीघ्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में एक सड़क दुर्घटना में घायल भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के माता-पिता को वीजा दिलाने के लिए हस्तक्षेप किया है और जल्द ही वीजा मिल जाएगा। सूत्रों ने आज यहां बताया कि अमेरिका में भारतीय छात्रा के मामले में विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी पक्ष के सामने इस मामले को उठाया है। अमेरिकी पक्ष आवेदक के परिवार के लिए वीजा जल्दी जारी करने के लिए औपचारिकताओं पर विचार कर रहा है। महाराष्ट्र के सतारा जिले की रहने वाली नीलम (35) 14 फरवरी को अमेरिका में एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई।

## ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, 4 की मौत

**आरा, एजेंसी।** बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ऑटो पर सभी सवार लोग गुप्ता धाम से एक बच्चे का मुंडन करा कर वापस गांव लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, पटना के दाउदपुर गांव के रहने वाले नारायण महतो के पुत्र के मुंडन को लेकर कई लोग कैमूर जिले के गुप्ता धाम गए थे।

केन्द्रीय मंत्री शाह ने चित्रकूट में आयोजित कार्यक्रम में अर्पित की श्रद्धांजलि, कहा-

# नानाजी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा



**चित्रकूट/सतना, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नानाजी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। गृहमंत्री ने नानाजी द्वारा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में गोकुल गांव जैसी योजनाओं का कार्य हो रहा है, और यह सब नानाजी के चिंतन और क्रियान्वयन का परिणाम है। नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि वे दीन दयाल शोध संस्थान से कई वर्षों तक जुड़े रहे हैं, और इस संस्थान की मासिक पत्रिका मंथन ने भाजपा और इसके कार्यकर्ताओं के लिए विचारधारा को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नानाजी का सपना था कि ग्रामीण भारत को सशक्त बनाकर देश निर्माण का मजबूत माध्यम तैयार किया जाए, इसके लिए वे जीवन भर प्रतिबद्ध रहे। अमित शाह ने कहा कि आज तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनका प्रभाव सिर्फ कुछ वर्षों तक नहीं, बल्कि युगों तक रहता है और वे युगों को परिवर्तनकारी बनाने का काम करते हैं।

## नानाजी ने ग्राम स्वावलंबन की कल्पना की : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह समेत यहां उपस्थित सभी अतिथियों का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुखद संयोग रहा है कि उनकी नानाजी से भेंट हुई थी। नानाजी का होना हम सबके लिए एक प्रेरणा पुंज के समान था। जब पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया तो नानाजी ने बड़ी विनम्रता से मना कर दिया था। नानाजी ने गांवों में स्वावलंबन की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि नानाजी ने कलाकारों को जोड़कर तीर्थ धाम को जीवंत करने का कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नानाजी देशमुख जैसे महामानव को प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की सरकार ने भारत रत्न देकर उनका सच्चे अर्थों में सम्मान किया है।

निलंबन के खिलाफ 'आप' विधायकों का प्रदर्शन

# आतिशी ने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली विधानसभा के बाहर गुरुवार को आम आदमी पार्टी के 22 विधायकों ने 6 घंटे से ज्यादा प्रदर्शन किया। ये सदन से निलंबन का विरोध कर रहे थे। दरअसल, 25 फरवरी को उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान आप विधायकों ने नारेबाजी की। इसके बाद स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने 22 विधायकों में से 21 को 3 दिन के लिए निलंबित कर दिया था। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा- देश के इतिहास में पहली बार विधायकों को विधानसभा जाने से रोका जा रहा है। आज का दिन लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन के रूप में जाना जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, पुलिस अधिकारी कह रहे हैं कि हम (आप विधायक) विधानसभा से निलंबित हैं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## शीशमहल की जांच होगी: प्रवेश

शीशमहल की जांच होगी। पिछली सरकार की तरफ से फॉलोअप नहीं होने की वजह से कई प्रोजेक्ट्स की लागत दोगुनी हो गई है। हम 2000 करोड़ रुपए के शराब नीति घोटाले पर सदन में चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 25 फरवरी को सदन में दिल्ली शराब नीति पर सीएजी रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में आप की गलत शराब नीति की वजह से 2002 करोड़ रुपए नुकसान की बात सामने आई थी।

ममता बनर्जी ने किया दावा

# मतदाता सूची में हेराफेरी की कोशिश में भाजपा



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि भाजपा ने राज्य की मतदाता सूची में हेराफेरी के लिए दो ऑनलाइन एजेंसियों की नियुक्ति की है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय हो गई हैं कि दूसरे राज्यों के मतदाता 2026 के बंगाल विधानसभा चुनावों में मतदान कर सकें।

मुख्यमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस की एक बैठक में कहा, जहां तक मुझे जानकारी मिली है, इस उद्देश्य के लिए दो एजेंसियों, एसोसिएशन ऑफ ब्रिलियंट माइंड्स और कंपनी इंडिया 360, को नियुक्त किया गया है। इन एजेंसियों ने डेटा एंट्री ऑपरेटरों से संपर्क किया। उन्होंने कुछ गलत ब्लॉक-स्तरीय रिटर्निंग अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसा किया। वे दूसरे राज्यों के मतदाताओं के नामों को पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर से जोड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने हरियाणा, गुजरात, बिहार, पंजाब और राजस्थान जैसे दूसरे राज्यों के मतदाताओं के कुछ खास उदाहरण देखे हैं। उन्होंने दावा किया, सबसे ज्यादा ऐसे मतदाता हरियाणा और गुजरात से हैं। उन्होंने भी कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में चुनाव से पहले भी यही गड़बड़ी की गई थी, जिससे भाजपा को वहां जीत हासिल करने में मदद मिली। मुख्यमंत्री ने कहा, वहां अन्य पार्टियां इस चाल को नहीं पकड़ पाईं। लेकिन बंगाल में हम इस चाल को पहले ही पहचान लेने में सक्षम हैं, इसलिए हम यहां इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देंगे।

## भारतीयों को जंजीरों में बांधकर लाना शर्मनाक घटना

ममता बनर्जी ने अमेरिका से भारतीयों को जंजीरों में जकड़कर वापस भेजने पर केंद्र सरकार का निंदा की। उन्होंने कहा- चुनाव आते ही भाजपा घुसपैठ की बात करती है, लेकिन हमारे नागरिकों को अमेरिका से जंजीरों में जकड़कर वापस भेजा जाता है। यह देश के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि जब कोलंबिया अपने नागरिकों के लिए विमान भेज सकता है तो भारत ने ऐसा क्यों नहीं किया।

हवाई किराए में जबरदस्त उछाल का असर

# पर्यटक सड़क मार्ग से कश्मीर पहुंचने को मजबूर

• **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** हवाई किराए में जबरदस्त उछाल के कारण पर्यटक धरती के स्वर्ग तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग से यात्रा करने को मजबूर हो रहे हैं। बजट यात्रियों में से अधिकांश हवाई यात्रा छोड़कर कश्मीर के लिए सुंदर सतही मार्ग अपना रहे हैं। वर्तमान हवाई किराए का विस्तृत विश्लेषण प्रमुख मार्गों पर असाधारण रूप से उच्च कीमतों को दर्शाता है। दिल्ली से श्रीनगर जाने वाले यात्रियों से 12,000 से 14,000 रुपए के बीच किराया लिया जा रहा है। मुंबई के यात्रियों को और भी अधिक किराया देना पड़ रहा है, जहां टिकट की कीमत लगभग 27,000 रुपए है, और कोलकाता के यात्री 24 फरवरी को उड़ान के लिए लगभग 18,000 रुपए का भुगतान कर रहे हैं।

## मुंबई से श्रीनगर जाने वाले यात्रियों से लिए जा रहे 27 हजार

हवाई किराए में बढ़ोतरी के बीच, कश्मीर में ट्रैवल एजेंट और होटल व्यवसायी सड़क मार्ग से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की रिपोर्ट करते हैं। कश्मीर में वर्तमान में बजट यात्रियों की एक बड़ी संख्या आती है। वे एक निश्चित राशि के साथ अपनी यात्रा की योजना बनाते हैं और वर्तमान परिस्थितियों में श्रीनगर के लिए हवाई टिकट का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं। इसलिए, हम कश्मीर के लिए सतही मार्ग से अच्छी संख्या में पर्यटकों को प्राप्त करते हैं, ट्रैवल एजेंट मुमताज अहमद डार का कहना था।

वे कहते थे कि श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग की स्थिति में सुधार ने जम्मू से जम्मू तक सड़क यात्रा को और आसान बना दिया है। अब, हम राजमार्ग पर लगातार और लंबे समय तक ट्रैफिक जाम नहीं देखते हैं। जम्मू से श्रीनगर पहुंचने में अब पांच घंटे से भी कम समय लगता है। इसलिए, अब सड़क यात्राएं पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं, डार ने का कहना था। पर्यटकों ने कहा कि एक परिवार या समूह के लिए सड़क यात्रा उनके लिए 60 प्रतिशत से भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर



## सार समाचार

### कलेक्टर ने क्षेत्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



**राघौगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गुरुवार को राघौगढ़ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुना जिला पंचायत अभिषेक दुबे एवं अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ विकास कुमार आनंद उपस्थित रहे।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने जनपद पंचायत राघौगढ़, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय राघौगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य प्रणाली और जनता से संबंधित मामलों की स्थिति की जांच की।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समय सीमा में पूरा किया जाए और जनता को बिना किसी कठिनाई के सेवाएं प्रदान की जाएं। कन्याल ने कहा कि सभी दस्तावेज सही तरीके से अपडेट किए जाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यालय के साफ-सफाई और कार्य स्थलों को व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसील के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं को देखा।

इस दौरान उन्होंने स्वयं नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं उनके समुचित निराकरण के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार गजेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राघौगढ़ मोनिका झरिया, नायब तहसीलदार रेणु कांसलीवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिलोनियों के जंगल में नग्न अवस्था में मिला युवक का शव

# 24 घंटों में 3 बड़े हादसे, 2 की मौत, 4 की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती



▶ केदारनाथ से लौट रहे वन विभाग के चालक की बाइक दुर्घटनाग्रस्त

**गुना, देशबन्धु।** जिले में 24 घंटों के दौरान 3 बड़े हादसे सामने आए हैं। इन दुर्घटनाओं में वन विभाग के चालक समेत 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि प्रयागराज से लौट रहे 3 यात्रियों सहित 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज गुना जिला अस्पताल में कराया जा रहा है। जबकि दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को जिला अस्पताल में कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

पहला हादसा बीती रात हुआ। जब केदारनाथ भगवान के दर्शन कर लौट रहे वन विभाग के ड्राइवर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी सामने आई है कि गुना के कोल्हुपुरा निवासी दीपक बुनकर और मुकेश कोरी बुधवार देर शाम सिरसी के जंगलों में विराजमान भगवान केदारनाथ के दर्शन करने गए थे। दोनों युवक देर रात नेशनल हाइवे के रास्ते गुना लौट रहे थे। तभी पाटई और बिलोनिया के बीच में किसी अज्ञात वाहन ने दीपक की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना में दीपक बुनकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुकेश कोरी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने रात में ही दीपक के शव को गुना जिला अस्पताल पहुंचा दिया था, लेकिन गुरुवार सुबह उसका पोस्टमार्टम किया जा सका और परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि दीपक बुनकर वन विभाग की ऊमरी चौकी में बतौर वाहन चालक पदस्थ थे। उनकी मौत के बाद परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। जिला अस्पताल में भी दीपक के परिजन बुरी तरह बिलखते नजर आए। रिश्तेदारों ने किसी तरह उन्हें सहारा दिया और दोपहर में शव का अंतिम संस्कार कराया गया।

**वाहन में सो रहे थे तीर्थयात्री, दुर्घटना में 3 घायल :** गुना जिले से गुजरे नेशनल हाइवे क्रमांक 46 पर प्रयागराज से लौट रहे यात्रियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा सुबह करीब 5 बजकर 50 मिनट पर हुआ है। बताया जा रहा है कि गुजरात के वड़ोदरा निवासी तीर्थयात्री प्रयागराज से वापस वड़ोदरा जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे पर स्थित ग्राम आवन क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय वाहन में सवार सभी 11 यात्री सो रहे थे। दुर्घटना में 3 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के नाम चिमन भाई, भावन बहन और कुसुम बहन बताए जा रहे हैं। जबकि एक अन्य यात्री किशोर भाई को भी मामूली चोटें आई हैं।

**नग्न अवस्था में मिला है मृतक, हत्या की आशंका :** गुना जिले के कैंट थाना अंतर्गत ग्राम बिलोनिया के जंगल में गुरुवार सुबह लगभग 25 साल के युवक का शव बरामद किया गया है। शुरुआती पड़ताल में जानकारी सामने आई है कि युवक की हत्या संभवत: गला घोंटकर की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक युवक का शव घने जंगल के बीच नग्न अवस्था में बरामद किया गया है। मृतक के हाथ-पैर बंधे हुए थे, उसके गले में भी रस्सी का फंदा पाया गया है। परिस्थितियों को देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि पूरा मामला प्रेम प्रसंग से संबंधित हो सकता है। फिलहाल कैंट थाना पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुना जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस सबसे पहले मृतक की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। पुलिस ने बिलोनिया और आसपास से लापता हुए लोगों का हुलिया भी पता लगाया है और गांव में भी सूचना भेजी है। हालांकि देर शाम तक मृतक से संबंधित पुख्ता जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

## बीच सड़क पर युवक को लात-घूसों और लाठी से पीठा

▶ घोसीपुरा क्षेत्र की घटना, वायरल हुआ वीडियो

**गुना, देशबन्धु।** गुना में या तो पुलिस का खौफ अपराधियों के बीच कम हो गया फिर असामाजिक तत्वों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अमन-चैन के टापू और शांतिप्रिय शहर की आबो-हवा बिगाड़ने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कई उत्पाती युवा एक युवक को सरेराह लाठी-डंडों से पीटते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के सार्वजनिक होते ही शहर की कानून व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं और चिंतित भी नजर आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक वायरल वीडियो गुना शहर के घोसीपुरा इलाके का है। यह घटना 19 फरवरी की है। बताया जा रहा है कि घोसीपुरा इलाके में एक युवक को 5 से 6 युवकों ने अचानक घेर लिया। युवक एक कार में सवार होकर आए थे। पीड़ित युवक को लाठी, डंडे और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा गया। बेहरमी से युवक के साथ मारपीट कर उत्पाती युवाओं ने उसे बेसुध होने तक पीटा और फिल्मी अंदाज में सीना चौड़ा कर वहां से चले गए। हैरानी की बात यह है कि जिस समय इस वारदात को अंजाम दिया जा रहा था तब मौके पर तमाशबीन लोगों का हुजूम लगा हुआ था, लेकिन किसी ने भी विरोध करना या फिर बुरी तरह मार खा रहे युवक को बचाना उचित नहीं समझा। न ही किसी के द्वारा पुलिस को सूचना देने की हिम्मत जुटाई गई है। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक गुना शहर के ही नानाखेड़ी इलाके का रहने वाला है और वह इतनी दहशत में है कि अपने घर से भी बाहर नहीं निकल पा रहा है। इस घटना के बाद लोग सोशल मीडिया पर जरूर कमेंट कर रहे हैं कि शहर में उत्पाती युवाओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। दर्जनों युवा फिल्मों नामों के शीर्षक पर खुल रहीं चाय की दुकानों पर खड़े रहते हैं और आम लोगों की मुसीबत बन गए हैं।

## डीएसओ ने कॉलेज में मनाया चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस



**गुना, देशबन्धु।** छात्र संगठन डीएसओ ने स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के 94वें शहादत दिवस पर जिलेभर में उनका स्मरण किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और परिचर्चा आयोजित की गईं।

डीएसओ द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस परिसर में भी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनके संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम को कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष शानू भिलाला ने संबोधित किया। उन्होंने शहीद चंद्रशेखर आजाद को शोषण से मुक्ति दिलाने वाला महान विचार बताया। वक्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद की जीवन यात्रा और स्वतंत्रता आंदोलन दिए गए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान जगह-जगह आयोजित कार्यक्रम में शहर के आमजन और छात्र व नौजवान शामिल हुए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



▶ सस्ते मोबाइलों से करवाए जा रहे हैं चुनौतीपूर्ण कार्य

**गुना, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को आए दिन चुनौतीपूर्ण कार्य सौंपे जा रहे हैं। इसके चलते कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। हाल ही में पोषण ट्रेकर एप में कई ऐसी जानकारियों को जोड़ा गया है जो निजी श्रेणी में आती हैं। खासकर ओटीपी लेने में कार्यकर्ताओं को परेशानी हो रही है।


आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका संघ ने विभिन्न परेशानियों से संबंधित एक ज्ञापन गुरुवार को कलेक्टर के नाम सौंपा है। जिसमें बताया गया है कि पोषण ट्रेकर एप को अपडेट करने के दौरान अभिभावक के मोबाइल का ओटीपी एक नहीं बल्कि दो बार मांगना पड़ रहा है। कई अभिभावक ओटीपी देने में आनाकानी कर रहे हैं। वहीं हाल-फिलहाल में ओटीपी की वजह से बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के चलते यह आशंका भी बनी हुई है कि ओटीपी देने वाले व्यक्ति से कोई ऑनलाइन धोखाधड़ी हो जाती है तो वह इसका जिम्मेदार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ठहरा सकता है। इसी तरह फेस केप्चर और ई-केवायसी जैसे कई मुश्किल काम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर थोप दिए हैं। यहां भी परेशानी इस बात की है कि विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए गए मोबाइल इन तमाम कामों को तेजी के साथ करने में सक्षम नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका संघ ने मांग की है कि सबसे पहले उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाले मोबाइल उपलब्ध कराए जाएं। वहीं अभिभावकों से ओटीपी और आधार मांगने की बाध्यता को खत्म किया जाए। इसके अलावा हितग्राहियों को फोटो देने के लिए न कहा जाएगा।

यह पूरा डाटा संवेदनशील है, जिसे कई लोग उपलब्ध कराने में असहज महसूस करते हैं। इसके अलावा मोबाइल खर्च के लिए 500 रुपए और भवन किराया राशि भी संघ ने मांगी है। बता दें कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार की ओर से लावा कम्पनी का मोबाइल उपलब्ध कराया गया है। इस कम्पनी के मोबाइल हाल-फिलहाल में आम उपभोक्ताओं ने इस्तेमाल करना बंद दिए हैं।

जबकि महिला बाल विकास विभाग चाहता है कि इसी मोबाइल से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, फेस केप्चर, फॉर्म फिल, ई-केवायसी जैसे काम मिनटों में कम दें। इसलिए कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त बना हुआ है।

## मीनाक्षी हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

▶ प्रख्यात चिकित्सकों ने किया परीक्षण, रियायती दरों पर हुई जांच



**गुना, देशबन्धु।** दलवी कॉलोनी में स्थित मीनाक्षी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ओपीडी पूरी तरह नि:शुल्क रखी गई, जबकि कई महत्वपूर्ण जांच बेहद रियायती दरों पर कराई गईं।

मीनाक्षी हॉस्पटल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में हड्डी रोग से संबंधित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश कुशवाह, नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ. बीएस कुशवाह, जनरल सर्जन डॉ. बीएल कुशवाह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके श्रीवास्तव, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल किशोर मीणा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन गांगेल और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश पाटिल ने मरीजों का परीक्षण किया और उपचार संबंधी सलाह दी। शिविर में सुबह से ही जिलेभर से आए मरीजों की भीड़ देखी गई। लोगों ने नि:शुल्क ओपीडी और रियायती दरों पर जांच की सुविधा का भरपूर लाभ उठाया। बता दें कि मीनाक्षी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दिनेश सिंह कुशवाह द्वारा कई वर्षों से ग्रामीण इलाकों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से चलित स्वास्थ्य वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें चिकित्सक सहित पैरामेडिकल स्टाफ दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर रोगियों का परीक्षण करते हैं और नि:शुल्क दवाएं देते हैं। सामाजिक परोपकार के सिलसिले को जारी रखते हुए मीनाक्षी हॉस्पिटल ने अब नि:शुल्क शिविर के माध्यम से एक ही जगह कई बीमारियों का उपचार मुहैया कराया, जिसका बड़ी संख्या में मरीजों ने लाभ उठाया है।

## बंधुआ मज़दूर संबंधी जानकारी कार्यालयों को 5 तक दें

**अशोकनगर, देशबन्धु।** माननीय उच्च न्यायालय, खंडपीठ ग्वालियर, मध्य प्रदेश द्वारा डब्ल्यू.पी. क्रमांक 5766/2025 (छोटेलाल आदिवासी विरुद्ध मध्य प्रदेश शासन एवं अन्य) में पारित आदेश के अनुपालन में बंधुआ मज़दूरी जैसे मामलों की जांच कराई जा रही है। इस संदर्भ में सभी को सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति जिले की भौगोलिक सीमा में किसी कृषि भूमि/निवास स्थल या अन्य किसी भी जगह बंधुआ मज़दूर होने संबंधी जानकारी प्रदान करता है, वह 05 मार्च 2025 तक कार्यालीन समय में कलेक्टर कार्यालय, समस्त एसडीएम कार्यालय या श्रम कार्यालय में जानकारी प्रदान कर सकता है। उक्त जानकारी पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

यदि बंधुआ मजदूर होनें संबंधी प्रदत्त जानकारी जांच में प्रमाणित होती है, तो जानकारी प्रदायकर्ता को 1000 (एक हजार रुपये) की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। आपसे अपील है कि वे बंधुआ मज़दूरी जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन में प्रशासन का सहयोग करें एवं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

## रंग पंचमी मेला से पूर्व 140 लीटर कच्ची शराब जब्त, दो गिरफ्तार



**अशोकनगर, देशबन्धु।** अशोकनगर के बहादुरपुर में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 140 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। यह कार्रवाई आगामी करीला रंग पंचमी मेले को देखते हुए की गई।

एसपी विनीत कुमार जैन के निर्देश पर चलाए गए अभियान में एएसपी गजेन्द्र सिंह कंवर और एसडीओपी सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरविन्द सिंह कछुवाह ने टीमें गठित कीं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने करीला मंदिर वीआईपी रोड पर दबिश दी। ग्राम कोचाडेम के पास से तोतीराम पारदी को 68 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। दूसरी कार्रवाई में बांसखेड़ी के पास वीआईपी रोड पुलिया से पहलवान पारदी को 72 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी माधोगढ़ के रहने वाले हैं।

दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जब्त की गई कच्ची शराब की कीमत 21,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आगामी त्योहारों को देखते हुए ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविन्द सिंह कछुवाह के नेतृत्व में पूरी टीम का योगदान रहा।

## जननी संगिनी संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सेहत की टोकरी का वितरण



**अशोकनगर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिले के 133 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर जननी स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन गुरूवार को किया गया। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा ग्राम अमोदा में जननी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहुंचकर गर्भवती माताओं को सेहत की टोकरी का वितरण किया गया। शिविर में 17 गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पिछले शिविर में चिन्हित पांच हाई रिस्क गर्भवती माताओं एवं अन्य गर्भवती माताओं को सेहत की टोकरी का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर श्री शैलेंद्र यादव, समाजसेवी श्री सोनू जैन उपस्थित रहे।

### एमएसएमई युवा संगम कार्यक्रम

# 953 हितग्राहियों को 19 करोड़ के हितलाभ, 70 को मिला रोजगार

**युवा संगम मेले में खिले युवाओं के चेहरे**



*गुना, देशबन्धु। बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा गुरुवार को जिला पंचायत रेस्ट हाऊस में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कई निजी और सरकारी कम्पनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए। वहीं रोजगार संबंधी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को 19 करोड़ से ज्यादा के हितलाभ भी वितरित किए गए। वहीं 7 कम्पनियों द्वारा 70 युवाओं को ऑफर लैटर दिए गए हैं।*

*जानकारी के मुताबिक एमएसएमई विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में हर महीने रोजगार और स्वरोजगार मेला युवा संगम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आयोजन के लिए गुना जिले में महीने का चौथा बुधवार चुना गया है। लेकिन इस बार चौथे बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व का अवकाश होने की वजह से गुरुवार को युवा संगम कार्यक्रम आयोजित कराया गया। युवा संगम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, वरिष्ठ नेता हरिसिंह यादव, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन, नगरपालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी बतौर अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा 953 हितग्राहियों को स्वीकृत संचालित रोजगार योजना के तहत 19 करोड़ 73 लाख रुपए के हितलाभ बांटे और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एनआरएलएम की ओर से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत 106, उद्योग विभाग द्वारा 3, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से 29, आदिम जाति विभाग की योजना से 2, लीड बैंक द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से 813 हितग्राहियों को ऋण वितरित किया गया है। युवा संगम में नवभारत फर्टिलाइजर, आईएलएफएस गेल, गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक, बालाजी सुरक्षा एजेंसी और एलाआईसी सहित कई कम्पनियों ने अपने स्टॉल लगाए और युवाओं का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता के मुताबिक ऑफर लैटर भी वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीणा ने किया। युवाओं को मप्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।*

***निजी क्षेत्र की 7 कंपनियों द्वारा 70 युवाओं का किया चयन :*** *निजी क्षेत्र में रोजगार देने के उद्देश्य से शिक्षित बेरोजगारों को निजी क्षेत्र की 7 कंपनियों द्वारा युवक युवतियों का प्रारंभिक 70 युवाओं को ऑफर लेटर वितरण किया गया और अतिथियों द्वारा मौके पर टोकन के रूप में ऑफर लेटर का भी वितरण किया गया।*

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकि समिति की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकि लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। इस बैठक में राजकुमार नेमा जिला अभियोजन अधिकारी, डॉ सुनीता नागेश डीएचओ, डॉ ममता पाठक स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ



शिवेंद्र चंदेल मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में पीसी पीएनडीटी एक्ट पर चर्चा की गई और निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति ने डॉ चंद्रसेन दायमा द्वारा प्रस्तुत नवीन आवेदन पर चर्चा कर पंजीयन जारी करने की अनुशंसा की गई, साथ ही रेंट एग्रीमेट लेने का निर्देश दिये। समिति ने सभी पंजीकृत नर्सिंग होमों के पंजीयन की लाइन लिस्टिंग तैयार करने का निर्देश दिये तथा सभी सोनोग्राफी सेंटरों का समय-समय पर निरीक्षण करने और निराकरण करने का निर्देश दिये।

### प्रेम सम्बन्धों के चलते किया आदिवासी युवक पर हमला

**सोहागपुर, देशबन्धु।** शोभापुर में बीती रात दो युवकों ने एक दुसरे समुदाय के युवक पर हथियार से हमला कर दिया। घायल युवक द्वारा शोभापुर चौकी में जाकर मामले को बताया गया,मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया, और फरियादी की बात अनसुनी कर उसे सोहागपुर भेज दिया गया। थाना सोहागपुर में पहुंचने के बाद थाना प्रभारी ने मामले कि गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कराई। फरियादी कुणाल ठाकुर ने बताया कि उस पर राशिद खान और साजिद खान पिता आबाद खान ने चाकू से हमला किया। थाना प्रभारी कंचन ठाकुर ने जानकारी दी, कि फरियादी कुणाल कुमार ठाकुर के बताए अनुसार आरोपी राशिद खान और साजिद खान पिता आबाद खान के विरुद्ध एट्रोसिटी और मारपीट के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मामला ऐसा है कि फरियादी और आरोपी आपस में एक दूसरे के परिवारिक प्रेम प्रसंगों में उलझे थे। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा फरियादी को बातचीत के बाद मारपीट की नौबत आई। शोभापुर चौकी अंतर्गत घटना घटित होने के बाद घायल कुणाल ठाकुर शोभापुर चौकी में अपनी फरियाद लेकर गया था जहां उसकी बात अनसुनी कर दी गई। शोभापुर चौकी में मामला दर्ज ना होने के बाद जागरूक नागरिकों में नाराजगी दिखाई दी, चौकी प्रभारी को तुरंत मामला दर्ज करके कार्यवाही करना था।

### कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा में नकल कराए जाने पर केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष भी निलंबित

**बैतूल/ चिचोली, देशबन्धु।** भीमपुर विकासखंड के परीक्षा केन्द्र एकीकृत माध्यमिक शाला कासमारखण्डी में 25 फरवरी को कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान माध्यमिक शिक्षकों द्वारा नकल कराए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी द्वारा केंद्राध्यक्ष बलदेव सलामे माध्यमिक शिक्षक देसली और सहायक केंद्राध्यक्ष सोमलाल सलामे सहायक शिक्षक नवीन मा.शा. पाली को अपने दायित्व का निर्वहन नहीं करने के कारण निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### उपसंचालक कृषि ने पदभार ग्रहण किया

**हरदा, देशबन्धु।** कृषि विभाग द्वारा नर्मदापुरम के सहायक संचालक कृषि जवाहरलाल कास्दे को जिला हरदा के उपसंचालक कृषि के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री कास्दे ने गुरुवार को अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया है।

### दिव्यांगजनों के लिये सुगम्य यात्रा 7 और 8 मार्च को

**हरदा, देशबन्धु।** दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनेमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 7 और 8 मार्च को जिला कलेक्टर्स के सहयोग से दिव्यांगजन की सुगम्य यात्रा का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को शासन व्यवस्था के अनुसार वाहन उपलब्ध कराकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं आयुक्त निशक्तजन श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में यात्रा निकाली जाएगी। इसमें दिव्यांगजन को सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नगर पालिका, नगर निगम सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमा घरों, आम पर्यटन स्थलों, पुस्तकालयों, बाजारों सहित अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगजन उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीन हकीकत को देखेंगे। स्थानों के भ्रमण के बाद दिव्यांगजनों द्वारा दी गई सलाह व सूचनाओं का संकलन किया जायेगा, जिनका उपयोग भारत सरकार द्वारा भविष्य में बनाई जाने वाली शहरी विकास नीतियों, डिजाइनिंग एवं विकासात्मक रणनीतियों में शामिल किया जायेगा, जो भविष्य में इस वर्ग के लिये अनुकूल वातावरण निर्माण में सहायक होगी। यात्रा के फोटो यस टू एक्सेस ऐप पर अपलोड कर सकेंगे। यात्राओं पर होने वाले व्यय सीआरएस फंड या एजीपी सब स्कीम से करने के अधिकार कलेक्टर्स को दिये गये हैं।

# समृद्धि योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा समृद्धि योजना 2024-25 के अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हैप्पी मैरिज गार्डन नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू महेंद्र यादव नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम, जिला पंचायत सदस्य श्री उमेश यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रसन्ना हर्णे, जनपद सदस्?य कैसला श्री सुखराम कुमरे द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्म?लित कर प्रशिक्षण को प्रारंभ कर किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू महेंद्र यादव ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि आज कई सामाजिक संस्थाऐं है, जो महिला सशक्तिकरण के साथ उन्हें रोजगार से जोड़ने में सहयोग कर आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। विशेष अतिथि श्री भूपेंद्र चौकसे जनपद अध्यक्ष ने जन अभियान द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, जन अभियान स्वैच्छिक संगठनों को मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है, जिससे समाज की सेवा करने में अग्रिम स्थान रखती है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जन अभियान से जुड़ी नवांकुर संस्थाएं बहुत अच्छा कार्य करती है। श्री प्रसन्ना हर्णे द्वारा शासन के विभिन्न परियोजनाओं में स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला, जिसमें समाज में सामाजिक संगठन अच्छे से अच्छे सेवा कार्य करें, जिससे समाज का उत्थान हो। अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव, कैसला जनपद सदस्?य सुखराम कुमरे ने भी अपना उद्बोधन दिए।

बनखेड़ी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुकेश सोलंकी ने द्वितीय सत्र में स्वैच्छिक संगठनों को फर्म एंड सोसाइटी रजिस्ट्रेशन करना, सीएसआर फंड, 12 ए, 80 जी में रजिस्ट्रेशन करने की सम्पूर्ण जानकारी दी। वेंकटेश चिमानियां ने सीएसआर फंड की विस्तृत जानकारी एवं समस्याओं का समाधान बताया। संभाग समन्वयक श्री कौशलेश तिवारी ने आदर्श ग्राम की अवधारणा के विषय में कहा कि मुख्य रूप से ग्रामीण कृषि पर आश्रित होते है, उन्नत खेती के साथ जैविक खेती कर, स्वास्थ्य वर्धक अनाज का उत्पादन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों को कैसे तकनीकी, कौशल विकास प्रशिक्षण, प्राप्त कर उन्हें अपना स्वरोजगार स्थापित करने में किस प्रकार से सहयोग दे एवं प्रदेश का हर एक ग्राम एवं शहरी वार्ड आदर्श वार्ड आदर्श ग्राम बनकर सामने आए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद टास्क मैनेजर सैयद शाकिर अली जाफरी ने बताया कि जन अभियान परिषद का गठन का उद्देश्य समग्र सतत विकास है आज हम समग्र विकास के विभिन्न आयामों को लेकर निरंतर वर्ष 2007-08 से संपूर्ण मध्य प्रदेश में कार्य कर रहे हैं आज हमारी लगभग प्रदेश में 24000 से ज्यादा प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रही हैं, नर्मदापुरम जिले में भी तकरीबन 765 से ज्यादा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रही हैं। जन अभियान परिषद द्वारा वर्ष 2015-16 से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के माध्यम से बीयसडब्लू, एम एस डब्ल्यू का पाठ्यक्रम विभिन्न मॉड्यूल के माध्यम से युवाओं को समाजसेवी पर्यावरण चिंतक और ग्रामीण विकास के सपना को पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जन अभियान परिषद का सदैव उद्देश्य रहा है कि ग्रामीण भारत भी हमारा एक आदर्श भारत बने। मेंटर श्रीमती नेहा तिवारी ने स्वैच्छिक संगठन प्रबंधन विषय पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन आनंद नामदेव और आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक पवन सहगल द्वारा किया गया।

# किसानों की सुविधा को दृष्टिगत उपार्जन केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

## गोदाम का सत्यापन आगामी एक सप्ताह में करे जिला उपार्जन समिति

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी रबी विपणन वर्ष के लिए जिले में गेहूं एवं चने के उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति की बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी उपार्जन कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले एक सप्ताह के भीतर सभी गोदामों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके



लिए समस्त अनुविभागों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के साथ टीमें गठित कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने उपखंड स्तरीय समिति, समिति प्रबंधकों एवं सर्वेर्स का प्रशिक्षण शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उपार्जन में शामिल एजेंसियों का समयानुसार निर्धारण करने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी उपार्जन केंद्र पर बारदाने की कमी नहीं होनी चाहिए, तथा पंखा, छन्ना, मॉइश्चर मीटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने बैठने की उचित व्यवस्था, छाया, पेयजल एवं शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि फलों, दलहन और तिलहन फसलों की गिरदावरी कार्यवाही भी शासन के निर्देशानुसार कराई जाए। बैठक के दौरान अप संचालक कृषि जेआर हेडाऊ, जिला आपूर्ति नियंत्रक सहित उपार्जन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ललित कुमार डेहरिया और सहायक संचालक व्ही पी गौर के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेन्टर द्वारा गुरूवार को शासकीय महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर द्वारा 181 महिला हेल्प लाइन, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, और वन स्टाप सेन्टर की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाओं को महामारी स्वच्छता एवं फायर सेफटी की जानकारी दी गई। परामर्शदात्री भागवती बिष्ट ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर की केस वर्कर शिखा वर्मा, नेहा चण्डालिया, और पूजा खरवार उपस्थित रहीं। छात्रावास अधीक्षिका सीमा गौर ने आभार व्यक्त किया।

# शासकीय स्नातक महविद्यालय टिमरनी में रोजगार मेले का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** शासकीय स्नातक महविद्यालय टिमरनी में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमसीएफएस पुणे, अनएकेडमी, एमआरएफ, महिंद्रा एण्ड महिंद्रा आदि कम्पनियो ने साक्षात्कार लिए।

इस रोजगार मेले में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेके जैन ने की, मुख्य अतिथि के रूप में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरूण सिकरवार एवं डॉ. धीरा शाह जिला नोडल कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ विशिष्ट अतिथि के रूप में ये उपस्थित थे। इस प्रदेश स्तरीय रोजगार मेले मे डॉ सुनील बौरासी ने सभी कंपनियों से आए अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया साथ ही संपूर्ण विषय की विधिवत रूपरेखा दी। मुख्य अतिथि की डॉ. धीरा शाह ने स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट संबंधित जानकारी प्रदान की। पी एम एक्सीलेंस अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अरूण सिकरवार ने बताया कि नौकरी प्रदान करने पहले कम्पनिया नही आती थी स्वामी विवेकानंद कॅरियर



मार्गदर्शन से अब विद्यार्थियो को कॉलेज मे ही अवसर दिये जा रहे है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जेके जैन ने भी विद्यार्थियो को अवसर का लाभ उठाने के लिए शुभकामना दी। डीएमसीएफएस से पधारे एचआर धर्निश पाण्डेय ने रोजगार मेले मे आयी विभिन्न कम्पनियो का विवरण दिया। साथ ही रोजगार संबधी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं को दी। रोजगार मेले मे लगभग 800 रजिस्ट्रेशन हुए तथा 33 उम्मीदवारो का चयन किया गया। आयोजन मे संचालन डॉ. सुनित काशिव ने किया तथा आभार डॉ. दीपक मालाकार ने माना। इस अवसर पर डॉ. संजीत सोनी, अभिषेक नागपुरे, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, श्रीमती सुरभि चौरे, श्रीमती शीला खले, श्रीमती नीता गौर, डॉ. महेंद्र सिंह तडवाल, धर्मेन्द्र जमरा, डॉ. संजय पटवा, डॉ. पंकज खेरनार, डॉ. ज्योति काशिव, डॉ. दुर्गेश नंदनी अग्रवाल, डॉ. बेबी चावला तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

# जनपद पंचायत केसला में वाटर शेड यात्रा शुरु

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार भूमि संरक्षण विभाग एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान मैं ग्राम पंचायत डांडीवाा जनपद केसला मैं वाटर शेड यात्रा का आरंभ हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने हजारों की संख्या मैं हिस्सा लिया। वाटरशेड यात्रा का प्रमुख उद्देश्य वाटर शेड कार्यों मैं ग्रामीणों की सहभागिता ब?ना है व जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों मैं रूचि व ग्रामीण जागरूकता पैदा करना है।

इस अवसर पर वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम मैं जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यो के प्रति रूचि ब?ने के लिए पानी की रैली, नुक्क? नाटक, कठ पुतली का आयोजन, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता मैं



विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार प्रदान किया। वाटरशेड योजना की तरफ से वाटरशेड कार्यों मैं सहयोग करने के लिए उन्हे पथ प्रदर्शन. मार्गदर्शन के रूप मैं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम परियोजना क्षेत्र मैं 260 लाख के जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों का भूमि पूजन सिवनीमालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा के करकमलों से किया गया। कार्यक्रम मैं श्रीमति राधाबाई सुधीर पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष जिला नर्मदापुरम, श्रीमति सीमा कासदे जिला पंचायत सदस्य, गंगाराम कलमे जनपद अध्यक्ष केसला, जय सोलंकी डिप्टी कलेक्टर सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला, समस्त अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्राम सरपंच उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी को जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई।

# प्राचीन श्री माता मंदिर में हुआ महा अभिषेक

**बैतूल, देशबन्धु।** महा शिवरात्रि पर प्राचीन श्री माता मंदिर में भक्तिमय माहौल के बीच महा अभिषेक, आरती और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से मंदिर परिसर में महा अभिषेक शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद प्रात: 10 बजे महा आरती की गई, जिसमें हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और भक्ति-भाव से शिव आराधना की। हर साल की तरह इस वर्ष भी आयोजन को भव्य रूप दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# कोरकू समाज के तीर्थ गुप्तवाडा में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**बैतूल, देशबन्धु।** भैंसदेही ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गुप्तवाडा में आयोजित शिवरात्रि मेले में जोहार सरकार बैतूल की टीम ने प्रसादी वितरण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। जिलेभर से आए जोहार सरकार बैतूल के युवा साथियों ने पूरे आयोजन में भरपूर सहयोग किया और समापन तक श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर जोहार सरकार बैतूल टीम के इस सेवा भाव की खूब सराहना की। मेले में आए जिले के कोरकू समुदाय के वरिष्ठजनों और युवाओं ने भी इस सेवा कार्य की जमकर प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है कि गुप्तवाडा कोरकू समाज का प्राचीन धार्मिक तीर्थ स्थल है, जहां महाराष्ट्र समेत विभिन्न जिलों और राज्यों से कोरकू समुदाय के लोग अपने परिवार सहित मन्नत पूरी होने पर पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। यहां स्थापित पितराकु (प्राचीन विशाल) मुंडा कोरकू समाज की आस्था का प्रतीक है। कहा जाता है कि यह मुंडा हजारों वर्ष पूर्व सिडोली कार्यक्रम के दौरान बनाया गया था और यह पत्थर का होने के बावजूद धीरे-धीरे आकार में बढ़ रहा है। समाज की परंपरा के अनुसार, बेटे सागौन का मुंडा बनाते हैं, जबकि बेटियां पत्थर का मुंडा बनाती हैं। इस पत्थर के मुंडा को जब




स्थापना के लिए ले जाया जा रहा था, तब यह आधे रास्ते में ही सीधा खड़ा हो गया और वहीं स्थापित कर दिया गया।

गुप्तवाडा में भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग भी स्थापित है। मान्यता है कि स्वयं भोलेनाथ यहां आकर रुके थे। कोरकू समुदाय हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में आकर मन्नतें मांगते है। इस आयोजन को सफल बनाने में कई सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मिशन ट्राइबल-5 के संस्थापक महादेव बारस्कर बेठे, जिला अध्यक्ष डॉ. अलकेश धोटे, संस्थापक अर्जुन धोटे, सिंगर सुनील लिखितकर, परमेश बारस्कर, उपाध्यक्ष और आर्मी ट्रेनर करण चढ़ोकार, सूरज बारस्कर धामन्या, मनोज चौहान माजरवानी, दीपक बारस्कर माजरवानी, शंकर मौसिक गोरेगांव, करण धाड़से बेलकुंड, शुभम बारस्कर भोजूढाना, अविनाश धुर्वे (अविनाश लाइब्रेरी डायरेक्टर बैतूल), शुभम बारस्कर (कोया राजा 2025 विनर), निलेश बारस्कर पातरी, निलेश कास्देकर, संजू लिखितकर, गणेश टांडिलकर और अजय धोटे सहित कई अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# आरजीपीवी के अस्थाई कर्मचारियों का धरना जारी



**भोपाल,देशबन्धु।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का धरना 13वें दिन भी जारी रहा। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की इकाई आरजीपीवी कर्मचारी समिति के बैनर तले यह आंदोलन चल रहा है।

कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे के अनुसार, यह धरना कुलसचिव कार्यालय के सामने चल रहा है। धरने में अमर अहिरे, जगदीश शर्मा और शाजली इजहार सहित कई कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जब तक आरजीपीवी प्रशासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई करना। श्रेणी परिवर्तन कर अर्धकुशल और कुशल श्रमिक का दर्जा देना। स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देना शामिल है।

## आंगनवाड़ी और बस्ती के बच्चों को बांटे दूध-फल

संत हिरदाराम नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्था ने महाशिवरात्रि पर एक क्विंटल दूध और 51 किलो फल आंगनवाड़ी केंद्र और गरीब बस्ती के बच्चों को वितरित किए। संस्था की संचालिका बीके प्रीती दीदी और बीके दीप्ति दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिव संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष रथ भी रवाना किया गया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा
## जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)

क्रमांक 529 /नामा./2025 सिवनी मालवा दिनांक 27.02.2025

### ई-निविदा आमंत्रण

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी आनलाईन बेबसाईट http://www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती है एवं कार्यालय की स्टोर शाखा से अवकाश के दिनों को छोड़कर प्राप्त की जा सकती है।

| टेंडर नं. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा फार्म मूल्य एवं अमानत राशि | निविदा अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_ UAD_ 405313_1 | लेखन सामग्री की वार्षिक दर वर्ष 2025-26 | 1. 12 माह<br>2. 300000/- | 1. 2000/-<br>2. 3000/- | 03.03.2025 |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**न. पा. सिवनी मालवा**

देशबन्धु

नर्मदापुरम, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## दक्षिणपंथी वैचारिकी के दो रूप

ये हैं तो दो अलग-अलग परिघटनाएं जिनका एक-दूसरे से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं दिखता, परन्तु दोनों से ही दक्षिणपंथियों की विचारधारा और सरकार की कार्यपद्धति का पता चलता है। एक का सम्बन्ध विनायक दामोदर सावरकर के वंशजों से है तो दूसरा एक ऐसे डीन की नियुक्ति के बाबत है जो महात्मा गांधी के हत्यारे पर गर्व करती है तथा उसे देश को बचाने वाला मानती है। दोनों घटनाएं यह भी बतलाती हैं कि ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के निजी प्रयासों तथा राज्य-समर्थित सांस्थानिक कृत्यों द्वारा भारत को किस दिशा में ले जाया जा रहा है।

पहले बात करें अंग्रेजों की जेल से माफी मांगकर छूटने वाले सावरकर की! कांग्रेस राहुल गांधी ने मार्च, 2023 में लंदन में एक भाषण के दौरान बतलाया था कि सावरकर ने एक मुस्लिम व्यक्ति पर कथित तौर पर 'हमले को आनंददायक' कहा था। इसे लेकर उनके वंशजों में से एक सात्यकि अशोक सावरकर ने पुणे की विशेष सांसद-विधायक कोर्ट में राहुल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया था। 19 फरवरी को इसकी पेशी थी लेकिन राहुल को अदालत ने उपस्थिति की छूट दी थी; परन्तु अब उन्होंने मामले की सुनवाई 'समरी ट्रायल' की बजाये 'समन ट्रायल' के रूप में करने की मांग की है ताकि वे सावरकर से सम्बन्धित ऐतिहासिक सबूत एवं दस्तावेज रिकॉर्ड के लिये पेश कर सकें। लोकसभा में विपक्ष के नेता के खिलाफ मामला दायर करने वाले सात्यकि ही नहीं बल्कि सावरकर के परिवार एवं उनकी विचारधारा को मानने वाले सभी व्यक्तियों-संगठनों के लिये यह परेशान होने का पर्याप्त कारण है क्योंकि इस सच्चाई से वे स्वयं भी अवगत हैं कि सावरकर को जब अंग्रेजों ने पोर्ट ब्लेयर (अंडमान-निकोबार) की सेलुलर जेल में कालेपानी की सज़ा देकर रखा था तब उन्होंने छूटने के लिये लगभग एक दर्जन माफीनामे लिखे थे। इतना ही नहीं, रिहा होने के बाद उन्हें अंग्रेजों द्वारा हर माह 60 रुपये की पेंशन भी दी जाती थी। इसे भी बढ़ाने की वे दरख्वास्त करते रहे। इसके बाद वे जब तक जीवित रहे, उन्होंने कभी भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मुंह नहीं खोला था।

सावरकर को लेकर तभी से विवाद जारी है जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी है। पूरी भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अन्य सहयोगी संगठन सावरकर का महिमा मंडन करते नहीं अघाते, बावजूद इसके कि कई मुद्दों पर उनके विचार अलग थे। मसलन, सावरकर गाय को अन्य पशुओं की ही तरह मानते थे। आजादी के बाद निष्क्रिय जीवन बिताने वाले सावरकर को लोगों ने एक तरह से भुला दिया था। थोड़े से लोग हैं जो उन्हें 'वीर' या 'क्रांतिकारी' जैसे शब्दों से नवाज़ा करते हैं। जब उनके चरित्र को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना शुरू किया गया तो दूसरी ओर उनकी असलियत भी सामने आने लगी। अधिकतर लोगों को उनके माफीनामे तथा पेंशन के बाबत भी इसी दौरान ज्ञात हुआ। उनका कृत्रिम आभामंडल अज्ञात, अल्पज्ञात या छिपाये गये तथ्यों के सामने आने से ध्वस्त हो गया। इसलिये सावरकर परिवार नहीं चाहता कि राहुल गांधी अपने बचाव में वे सारे ऐतिहासिक तथ्य कोर्ट के सामने रख दें जो संग्रहालयों, लाइब्रेरियों, शोध ग्रंथों, लेखों, इतिहास की किताबों आदि में दर्ज हैं। सावरकर परिवार के लिये उन्हें नकारना मुश्किल होगा क्योंकि जवाब में उन्हें वे तथ्य झूठे साबित करने होंगे जो कि सम्भव नहीं है। खतरा यह है कि थोड़े-बहुत लोग जो वस्तुस्थिति से नावाकिफ़ हैं, वे भी अवगत हो जायेंगे।

इसलिये 'समन ट्रायल' का विरोध जायज है। उनके वकील एसए कोल्हटकर ने कहा कि 'राहुल मुद्दे से ध्यान भटका रहे हैं ताकि मामला खींचा जा सके।' उन्होंने ध्यान दिलाया कि कांग्रेस नेता के खिलाफ़ मानहानि के कई मामले चल रहे हैं। दरअसल वे बतलाना चाहते हैं कि लोगों का अपमान करने के राहुल आदी हैं। वैसे तो इन दोनों ही तर्कों में कोई दम नहीं है क्योंकि भारतीय न्यायालयों की धीमी प्रक्रिया सर्वविदित है। जिन मामलों का उल्लेख एड. कोल्हटकर कर रहे हैं, वे लगभग सारे लम्बित हैं। सिर्फ गुजरात की एक कोर्ट में मोदी समुदाय के कथित मानहानि वाले मामले में निचली अदालत ने आनन-फानन में फैसला सुनाया था जिससे राहुल की लोकसभा (पिछली) की सदस्यता छीनी गयी थी (जो सुप्रीम कोर्ट से बहाल हुई थी)। वह कार्रवाई राजनीतिक कारणों से हुई थी क्योंकि राहुल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के खिलाफ हमलावर थे। राहुल-सावरकर मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

सावरकर का विरोध राहुल की वैचारिक लड़ाई का हिस्सा है। जिस महाराष्ट्र में सावरकर के सबसे ज्यादा समर्थक हैं और शिवसेना का उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला धड़ा उनका सहयोगी है, उसी जमीन पर चुनाव प्रचार के दौरान राहुल ने कहा था कि 'मानहानि के मामले में वे माफी नहीं मांगेंगे क्योंकि वे सावरकर नहीं हैं।' वैसे तो भाजपा तथा संघ ने सावरकर को वैसी तवज्जो कभी नहीं दी थी जो अब दी जा रही है। इसका कारण गांधी-विरोध ही है। सावरकर भी गांधी हत्या कांड में संदिग्ध आरोपी थे। हालांकि वे सबूतों के अभाव में छूट गये थे। तो भी गांधी-नेहरू से भाजपा-संघ की घृणा का आयाम विस्तृत है। इसी की श्रृंखला में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), कालीकट के योजना व विकास विभाग की नयी डीन के रूप में उन डॉ. शैजा अंदावन को नियुक्त किया गया है जिन्होंने गांधी पुण्यतिथि पर सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी कि 'उन्हें गोडसे पर गर्व है जिन्होंने भारत को बचा लिया।' हालांकि लोगों के विरोध के बाद उन्होंने उस पोस्ट को डिलीट तो कर दिया था पर उनकी गिरफ्तारी हुई थी और वे अभी जमानत पर हैं। अब उनकी नियुक्ति पर मुहर लगाकर केन्द्र सरकार ने साबित कर दिया है कि उसकी सोच गांधी को लेकर क्या है।

# नई राजनीति की जरूरत, पुराने चेहरों का बोझ

आखिरकार निशांत कुमार का बयान भी आ गया कि एनडीए को चाहिए कि नीतीश को कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाए रखने की घोषणा कर दे। निशांत माने नीतीश कुमार के पुत्र। पहली बार सार्वजनिक रूप से ऐसा बयान देकर उन्होंने कई तरह के संकेत दिए। निश्चित रूप से पहला संकेत तो राजनीति में आने का है। बीते बीस साल से मुख्यमंत्री के संग रहने और अकेली संतान होने के चलते सारा लाड़-प्यार पाने के बावजूद अभी तक उनके किसी आचरण को लेकर किसी तरह की चर्चा नहीं थी। बल्कि वे इतने शांत और सावधान तरीके से रहते थे कि काफी सारे राजनैतिक पंडित उनके सामान्य होने पर ही शक करते थे। अब अगर वे बीआईटी मेसरा से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद और पचास साल की उम्र में और पार्टी तथा समाज के अनेक पक्षों से बार-बार की जा रही मांग के बाद सक्रिय होने का फैसला करते हैं तो उन्हें शुभकामना दी जा सकती है। अपनी स्वर्गवासी मां के जन्मदिन पर आयोजित किसी कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही और जदयू का प्रदर्शन पहले से बेहतर होने की बात भी कही।

यह संयोग है कि उनका कहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने बिहार दौरे में नीतीश जी को 'लाड़ला मुख्यमंत्री' बताने के दो दिन बाद ही हुआ। प्रधानमंत्री ने इस दौरे के साथ ही भाजपा और एनडीए के चुनाव अभियान का शंखनाद भी कर दिया। इसमें की लोगों को पांच साल पहले बीच कोरोना में हजारों रंगीन टीवी सेट के माध्यम से बिहार में आनलाइन शंखनाद करने वाला प्रसंग भी याद आया क्योंकि प्रधानमंत्री ने एक साथ बिहार के सारे कोनों को छू लिया था। उन्होंने नीतीश जी को आगे रखकर चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की। शायद उनके पास ऐसा कोई और नाम है भी नहीं। लेकिन बीते साल भर में एनडीए और भाजपा की तरफ से यह कहा जाता रहा है। कमाल यह है कि इसके बावजूद निशांत कुमार को यह बात दोहराने की जरूरत हुई। बीते दो-तीन महीनों में विपक्षी राजद की तरफ से नीतीश कुमार के एक बार फिर से पाला बदलने की बात उछाली जा रही है और लालू प्रसाद यादव ने अब भी नीतीश का स्वागत करने की बात भी चला दी है।

खुद नीतीश कुमार भी इस सवाल पर अपने ही आचरणों से संदेह गहरा रहे हैं। दिल्ली के अपने दो दौरों में उन्होंने भाजपा के किसी नेता से भेंट नहीं की या भाजपा के शीर्ष नेताओं ने उन्हें समय न दिया। वे दिल्ली में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में भी नहीं ये जबकि एनडीए के बाकी सभी मुख्यमंत्री ये। उससे भी ज्यादा चर्चा उनकी पार्टी के दो बड़े नेताओं का दिल्ली आकर पूरी तरह भाजपा के रंग में रंगना है और इसे ही राजनैतिक पंडित नीतीश कुमार की घेराबंदी बताते हैं। नीतीश बिहार में भी भाजपा के एक गुट के व्यवहार को लेकर बहुत प्रसन्न नहीं रहते। यह समूह भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने की वकालत भी करता है। यह अटकल भी लगती है कि चुनाव तक भाजपा उनको आगे रखकर बाद में कोई और पद या जिम्मा दे देगी। नीतीश और उनके समर्थक यह नहीं चाहते। अब जाने अनजाने भाजपा का समर्थन आधार बढ़ता गया है लेकिन अगड़ों को छोड़कर कोई और सामाजिक समूह पक्का समर्थक नहीं है-बीच के प्रयास नीतीश मामले में हां-ना के चक्कर में खिसक गया है।

इसलिए निशांत के बयान का एक तीसरा मतलब भाजपा के संग अपनी पार्टी के अगड़े नेताओं के लिए भी है जिनकी भाजपा से नजदीकी जगजाहिर है। यही लोग नीतीश कुमार के पाला बदलकर भाजपा के संग आने का माध्यम भी बने थे और अभी दिल्ली में जमे हैं। भाजपा को भी इस बयान का मतलब यह निकालना चाहिए कि नीतीश कुमार ललन सिंह, विजय चौधरी और संजय झा जैसों के समांतर किसी अपने और ज्यादा भरोसेमंद को खड़ा करना चाहते हैं। निशांत पिता की इच्छा देखकर ही पंख फैलाना शुरू कर रहे हैं। इस क्रम में आईएएस रामचन्द्र प्रसाद सिंह का प्रसंग याद करना चाहिए जो ज्यादा पंख फैलाकर झुलस चुके हैं। जब वे नीतीश जी के साथ थे तो बिना राजनैतिक पृष्ठभूमि के भी सबसे भरोसेमंद थे।

दूसरी ओर, कांग्रेस और राजद के रिश्ते एनडीए के घटकों से भी ज्यादा खराब हैं। हरियाणा का चुनाव हारने के बाद तो अखिलेश और तेजस्वी का रुख भी बदला। दिल्ली चुनाव ने दूरी और बढ़ाई और अब तो एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी शुरू हों गई है। भाजपा की तरह कांग्रेस में भी कुछ लोग अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने की वकालत कर रहे हैं। कांग्रेस का भी आधार या स्वीकृति बढ़ी है लेकिन कोई एक या दो ठोस सामाजिक आधार नहीं है। मुसलमान समर्थक हैं लेकिन राजद साथ न हो तो उनका वोट मिलने का भरोसा नहीं है। संगठन कमजोर है और अगर कन्हैया कुमार और पप्पू यादव जैसे उत्साही उसके पास हैं तो लालू-तेजस्वी उनको जमीन देने को तैयार नहीं हैं। लालू जी ने पिछले लोकसभा चुनाव में अहीरों को काम टिकट, कोइरी समाज को ज्यादा टिकट और वाम दलों समेत सारे विरोधियों को साथ लेकर अच्छी टक्कर दी लेकिन पहले दो राउंड के बाद भाजपा फिर से जंगल राज का शोर मचाकर बाजी पलट दी।

इस बार यह शोर पहले से मच रहा है। दूसरी ओर भाजपा सरकार ने लालू जी और उनके परिवार पर कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है जो चुनाव पास आने तक नाटकीय रूप ले लेगा। लालू जी इससे निजी रूप से कमजोर पड़ें न पड़ें, राजनैतिक रूप से कमजोर होंगे। उधर राजद का मतलब अहीर और मुसलमान गठजोड़ से आगे बढ़ ही नहीं रहा है और ऐसा गठजोड़ जैसे ही ताकतवर दिखता है भाजपा को सुविधा हो जाती है और गैर यादव पिछड़ों का वोट बढ़ जाता है तथा अगड़ों का वोट ज्यादा गोलबंद होकर मिलता है। जब तक नेतृत्व में हिस्सेदारी और लोकतान्त्रिक व्यवहार की उम्मीद न हों दूसरे पास आते नहीं और लालू जी से परिवार से अलग नेता और लोकतान्त्रिक आचरण की उम्मीद करना कुछ ज्यादा ही मुश्किल लक्ष्य है। दुर्भाग्य यह है कि जिस बिहार को अब नई राजनीति की जरूरत है वहां सब कुछ दो थके पुराने चेहरों के इर्द-गिर्द चलता दिखता है।



अरविन्द मोहन

**इस बार यह शोर पहले से मच रहा है। दूसरी ओर भाजपा सरकार ने लालू जी और उनके परिवार पर कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है जो चुनाव पास आने तक नाटकीय रूप ले लेगा। लालू जी इससे निजी रूप से कमजोर पड़ें न पड़ें, राजनैतिक रूप से कमजोर होंगे। उधर राजद का मतलब अहीर और मुसलमान गठजोड़ से आगे बढ़ ही नहीं रहा है और ऐसा गठजोड़ जैसे ही ताकतवर दिखता है।**

# तीस्ता नदी परियोजना पर बांग्लादेश ने भारत के विरुद्ध चीन से मदद मांगी

■ आशीष विश्वास

यह कोई रहस्य नहीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अंतरिम बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस के बीच कोई खास रिश्ता नहीं है। कुछ हद तक विरोधाभासी रूप से, दोनों में एक असामान्य विशेषता है-यदि आवश्यक हो तो मौजूदा राजनयिक मानदंडों और परंपराओं को रौंदने का उनका दृढ़ संकल्प, क्योंकि वे कम से कम समय में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से संकेत दिया है कि दक्षिण एशिया से संबंधित मामलों में, वह बांग्लादेशी संवेदनाओं के बारे में किसी भी स्पष्ट चिंता के बिना भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अधिक निकटता से जुड़ना पसंद करते हैं। ट्रंप के नेतृत्व वाली सरकार से निपटने में आने वाली कठिनाइयों से अनभिज्ञ, चालाक डॉ. यूनुस अपने तरीके से पलटवार कर रहे हैं- 1971 के बाद के पाकिस्तान के साथ अपनी दोस्ती को फिर से जगाने के बाद, बांग्लादेश ने अब चीन को पहले से कहीं ज़्यादा आक्रामक तरीके से लुभाना शुरू कर दिया है, लेकिन इस दिशा में उसके प्रयास, जैसा कि पहले पाकिस्तान के साथ हुआ था, निकट भविष्य में महत्वपूर्ण लाभ नहीं ला पाये हैं।

यह देखना मुश्किल नहीं है कि ऐसा क्यों है। डेमोक्रेट्स से पहले के समर्थन से कटे हुए, यूनुस के नेतृत्व वाला बांग्लादेश, अमेरिका के वर्तमान पसंदीदा भारत के लिए घर के नज़दीक जितना संभव हो सके उतना मुश्किल बनाकर ट्रंप प्रतिष्ठान को धोखा देना चाहेगा। ढाका के इस कदम से कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। बांग्लादेश ने अभी तक दक्षिण एशिया में एक संप्रभु तथा स्वतंत्र देश के रूप में काम करने में बहुत प्रगति नहीं की है, क्योंकि उसे अपने बड़े पड़ोसियों जैसे चीन या भारत से स्पष्ट समर्थन की आवश्यकता रहती है।

बांग्लादेश के लिए संकट यह है कि यूनुस की अन्य योग्यताएं चाहे जो भी हों, मूल रूप से एक अनिर्वाचित पदाधिकारी हैं, जो राजनीतिक प्रतिष्ठा का आनंद ले रहे हैं परन्तु अत्यधिक जटिल दक्षिण एशियाई राजनीतिक खदानों से गुजरते हुए कूटनीतिक रूप से अभद्र साबित हो रहे हैं। उनकी दुर्दशा पर विचार करें: इस व्यक्ति को एक हिंसक तख्तापलट के माध्यम से सत्ता में लाया गया है, जिसकी वजह से 5 अगस्त 2024 से बांग्लादेश में 2000 लोगों की जानें जा चुकी हैं (और यह संख्या अभी भी बढ़ रही है!)। उनके मुख्य घरेलू समर्थकों में, कट्टरपंथी जमाती/इस्लामी चरमपंथी सुर में सुर मिलाते हैं, यहां तक कि शक्तिशाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को भी दरकिनार कर देते हैं, जो चुनावों के माध्यम से वैध रूप से अर्जित राजनीतिक सत्ता का प्रमुख दावेदार है। ढाका से भारत के खिलाफ़ शुरुआती धमकियां, जिनमें पाकिस्तान या चीन से उधार लिये गये परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करके या संकीर्ण सिलीगुड़ी गलियारे को काट कर परमाणु हमला करने की कुछ विचित्र (और हास्यास्पद!) कल्पनाएं शामिल थीं, जो इस्लामी चरमपंथियों के दबाव में की गयी थीं।

गौरतलब है कि बीएनपी ने शुरू में यूनुस का समर्थन करने के बावजूद कभी भी खुद को इस तरह की मूर्खतापूर्ण कॉल और चेतावनियों से नहीं जोड़ा। बहुत देर से, महान मुख्य सलाहकार को एहसास हुआ कि उन्हें गलत सलाह दी जा रही थी, अगर वास्तव में स्वदेशी कट्टरपंथी इस्लामी उग्रवादियों की भीड़ द्वारा उन्हें गुमराह नहीं किया जा रहा था तो। इन लोगों ने पाकिस्तान, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, मध्य पूर्व और अन्य देशों से सब्जियां, चावल और चीनी आयात करने की कोशिश की, और भारत का पूरी तरह से बहिष्कार किया!

सौभाग्य से, अंतरिम सरकार ने आखिरी समय में अपना रुख बदल दिया और भारत विरोधी बयानबाजी को कम किया और गुस्साए प्रदर्शनकारियों के बढ़ते दबाव के तहत सीमा व्यापार और भारत से आवश्यक वस्तुओं के आयात को पहले की तरह सामान्य करने की कोशिश की!

ऐसा नहीं है कि यूनुस की टीम के पास ज़्यादा विकल्प थे। बीएनपी ने पहले ही मुख्य सलाहकार के प्रति अपनी बढ़ती हुई अधीरता के पर्याप्त संकेत दे दिये हैं, जो पिछले छह महीनों के दौरान अपने सभी कदमों के माध्यम से किसी न किसी बहाने से लंबे समय से प्रतीक्षित चुनावों को रोक रहे हैं। देश की दूसरी प्रमुख ताकत, अवामी लीग (एएल), जिसकी नेता श्रीमती हसीना वाजेद अभी भी निर्वासन से काम कर रही हैं, पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। लेकिन बीएनपी ने भी इसका विरोध किया है। बांग्लादेश में वैध लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा होने के नाते, अनुभवी बीएनपी नेता अच्छी तरह से जानते हैं कि एएल के बिना आम चुनाव आयोजित करना, जैसा कि जमात सुनिश्चित करना चाहते हैं, उन्हें घर या विदेश में शायद ही कोई विश्वसनीयता हासिल होगी।

इसके अलावा जमात के नेताओं ने बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति के लिए मुख्य सलाहकार की आलोचना करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हसीना के प्रशासन के तहत उनके देश को परेशान करने वाली सभी बुराइयां - शीर्ष पर भ्रष्टाचार, राज्य प्रायोजित हिंसा और अराजकता, असहमति का बलपूर्वक दमन, लोगों के बड़े हिस्से को प्रभावित करने वाली उच्च मुद्रास्फीति, सांप्रदायिक हमलों का लगातार प्रकोप - बेरोकटोक जारी है। एकमात्र उपाय है कि एक बार फिर से आम चुनाव करवाये जायें। अंतरिम सरकार ने अभी तक अपने मुख्य प्रायोजक की ओर से इस आभासी अभियोग का जवाब नहीं दिया है।

यह हताशा की हद है कि ढाका ने तीस्ता जल बंटवारे के मुद्दे पर एक सावधानीपूर्वक नियंत्रित भारत विरोधी आंदोलन को प्रायोजित करने की कोशिश की है। यह कदम टीम यूनुस को बहुत जरूरी समय देगा और वर्तमान शासकों और उनके 'सलाहकारों' के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश को अस्थायी रूप से कम करेगा। 'तीस्ता नदी को बचाने' के तरीके के बारे में चीन के साथ बातचीत फिर से शुरू हो गयी है।

ढाका स्थित राजनयिकों के बीच वार्ता में इस परियोजना को पुनर्जीवित किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, चीन द्वारा अंतरिम शासकों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करने की संभावना, कम से कम पहले के अमेरिकी समर्थन के नुकसान की भरपाई के लिए, चर्चाओं में भी शामिल थी।

चीन के साथ गुप्त कूटनीतिक पहल के परिणामस्वरूप अब तक चीन की ओर से एक विशिष्ट प्रोटोकॉल-अनुमोदित प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजिंग हलकों ने बताया कि नदी विशेषज्ञों ने दो साल के लंबे अध्ययन और सर्वेक्षण के बाद तीस्ता नदी को पुनर्जीवित करने की प्रस्तावित बांग्लादेश योजना के जवाब में पहले ही अपने सुझाव दे दिये हैं। यह बांग्लादेश को बताना था कि क्या वह इस परियोजना पर आगे बढ़ना चाहता है, जिसके लिए चीन आवश्यक होने पर धन देने के लिए तैयार है। इसके अलावा, पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर दोनों देश आधिकारिक समझौते के बाद ढाका द्वारा अपने बड़े उत्तरी पड़ोसी से पहले की तरह अधिक हथियार और गोला-बारूद खरीदने पर भी चर्चा शुरू कर सकते हैं।

हालांकि, बांग्लादेश की मदद करने के लिए विशिष्ट स्थितियों में चीन द्वारा हस्तक्षेप करने की संभावना के बारे में, बीजिंग की प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल-परफेक्ट थी, जैसा कि प्रमुख शक्तियों के साथ आम तौर पर होता है। ढाका को बताया गया कि बड़ा देश अपने छोटे क्षेत्रीय पड़ोसियों को व्यापार और व्यवसाय के विकास सहित सभी द्विपक्षीय मामलों में मदद करने के लिए हमेशा तैयार है। लेकिन बीजिंग सभी देशों के साथ समान संप्रभु साझेदार के रूप में व्यवहार करने में विश्वास करता है, इसलिए चीनियों को भरोसा था कि परिपक्व घरेलू राजनीतिक प्रतिष्ठान और साथ ही बांग्लादेश के लोकतंत्र-प्रेमी लोग, घर और विदेश दोनों में अपनी समस्याओं से निपटने और उन्हें सुलझाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

अगर बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्टों के लहजे पर गौर करें, तो चीन के ऐसे अच्छे, सुकून देने वाले शब्दों की आधिकारिक तौर पर सराहना की गयी। हालांकि, अंतरिम सरकार के लिए ये शब्द बहुत कम राहत लेकर आये, जो अभी भी नयी ट्रम्प टीम की कड़ी आलोचना से परेशान है।

**बांग्लादेश की मदद करने के लिए विशिष्ट स्थितियों में चीन द्वारा हस्तक्षेप करने की संभावना के बारे में, बीजिंग की प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल-परफेक्ट थी, जैसा कि प्रमुख शक्तियों के साथ आम तौर पर होता है। ढाका को बताया गया कि बड़ा देश अपने छोटे क्षेत्रीय पड़ोसियों को व्यापार और व्यवसाय के विकास सहित सभी द्विपक्षीय मामलों में मदद करने के लिए हमेशा तैयार है।**

## आपके पत्र

### अमानवीय घटनाएं देश के लिए एक कलंक

आजादी के 75 वर्ष बाद भी देश में जातिवाद की जड़े इतनी गहरी हैं कि ग्रामीण अंचलों में जमीदार वर्ग जातीय भेदभाव, अत्याचार एवं उत्पीड़न रोकने में शासन प्रशासन लाचार और असमर्थ है. जातिवाद का घृणित एवं खौफनाक चेहरा मथुरा के करनावली गांव में सामने आया है। जब अनुसूचित जाति वर्ग की दो बेटियों की शादी में दबंगों के द्वारा की गई बदतमीजी, बेज्जती और मारपीट की गई और गरीब दलितों के मान सम्मान को जातीय दंभ के कारण रौंदा गया. इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि एक गरीब दलित की बेटियों के साथ भी बदतमीजी और उनके चेहरे पर कीचड़ तक फेंकी गई थी। दबंगों के द्वारा बारातियों की भी पिटाई की और उनके वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। जिसका परिणाम यह निकला कि शादी खराब हो गई और इस परिवार के मान सम्मान और स्वाभिमान को ठेस लगी है। करनावली गांव के दबंगों के द्वारा किया गया यह कृत्य किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला है। ऐसी अमानवीय घटनाएं देश के लिए एक कलंक है। ऐसे घृणित अत्याचार की मात्र निंदा करने से बात नहीं बनेगी। ऐसे उपद्रवियों पर कड़ी से कड़ी कानून की धाराएं लगाई जाए और इनको कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए।

यह घटनाक्रम मात्र कानून एवं व्यवस्था की ही नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक व्यवस्था है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में दलितों को रोज जीना और मरना पड़ता है और अपमान का घूंट पीना पड़ता है जिसका समाधान अभी तक सभी सरकारें देने में विफल रही है। आखिर क्या कारण है कि सरकार की कोशिशों के बावजूद दलितों पर अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत की संसद में केंद्रीय मंत्री बन्दी संजय कुमार के द्वारा बताया गया है कि वर्ष 2020-21- 22 इन दो वर्षों में 1.5 लाख अत्याचार की घटनाएं अनुसूचित जाति वर्ग पर हुई हैं जिनमें से उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 41000 घटनाएं हुई है। इसके बाद राजस्थान एवं मध्य प्रदेश है जहां जातीय क्राइम रेट सबसे अधिक है।

ऐसी घटनाएं सोचने पर मजबूर करती हैं कि देश में जातीय जहर के कारण के कितने परिवार कुर्बान होंगे, कितनी शादियां टूटेगी। ऐसी घटनाओं की बाढ़ आ गई है जहां पर दलितों को घोड़े पर चढ़ने से रोका जाता है, मारपीट की जाती है। पुलिस प्रशासन कभी मदद करने की स्थिति में होता है और कभी नहीं भी होता है। इस तरह की जातिवादी अत्याचार उत्पीड़न और घटनाएं किसी एक जिले और राज्य तक की सीमित नहीं है बल्कि देश के सभी राज्यों में ऐसी घटनाएं होती हैं। हालांकि इस मामले में शासन प्रशासन ने मुस्तादी दिखाते हुए कुछ नामजद लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए गांव के दबंगों द्वारा 2 घंटे से अधिक का तांडव होता रहा जिसके लिए प्रशासन को भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सख्त प्रशासन के बारे में जाने जाते हैं इस संदर्भ में भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को स्वत: ही संज्ञान लेते हुए डीएम और एसएसपी को स्पष्ट आदेश दिए जाएं और पीड़ित परिवार को सुरक्षा के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

**वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**



## ललित सुरजन की कलम से

### इक्कीसवीं सदी में गांधी की प्रासंगिकता

*'जहां तक आंतरिक संघर्षों का प्रश्न है इसकी मुख्य वजह सत्ताधारी वर्ग की हृदयहीनता और संवेदनहीनता है। जिन देशों में जनतांत्रिक व्यवस्था है वहां भी यही स्थिति है। आप सत्ताधारियों के चेहरों से टपकते हुए लालच को साफ-साफ देख सकते हैं। ऐसे में यदि समाज में अंत्योदय का विचार जीवित हो, यदि कतार के अंत में खड़े व्यक्ति का ध्यान हो तो यह स्थिति बदल सकती है। इसी तरह अनेक समाजों में हम नस्लभेद, रंगभेद व साम्प्रदायिकता को पनपता हुआ देखते हैं। ऐसे संघर्ष बहुधा इसलिए होते हैं कि एक वर्ग अपने रीति-रिवाज, परंपरा व विश्वासों पर गर्व करता है किन्तु अन्य के बारे में वह अज्ञान व पूर्वग्रह से प्रेरित होता है। याद दिलाने की जरूरत नहीं कि महात्मा गांधी ने दो समुदायों के बीच में गहरी खाई को पाटने की राह में ही अपने प्राणों की बलि दी। समुद्र पार उनका अनुसरण मार्टिन लूथर किंग, अल्बर्ट लुथुली और नेल्सन मंडेला ने और हमारे पड़ोस में आंग-सांग सू ची जैसे महान लोगों ने किया।'*

*'मैं जोर देकर कहना चाहूंगा कि जिस अहिंसा का पाठ हमें गांधी ने पढ़ाया वह साहस व वीरता का सर्वोच्च स्वरूप है। अहिंसा का अर्थ किसी गरीब की मदद करना या किसी पशु के प्रति दया दिखलाना या गौमाता की सेवा करना मात्र नहीं है जैसा कि बहुत से लोग समझते हैं। अहिंसा और सत्याग्रह गांधी दर्शन के मूल में हैं। इनका उपयोग उन्होंने सफलतापूर्वक राजनीतिक अस्त्र के रूप में किया और शायद वक्त आ गया है कि हम इनका उपयोग करने के बारे में नए सिरे से सोचें।'*

**( इंदौर में 'गांधी :निशस्त्रीकरण और विकास' पर 4, 5, 6 अक्टूबर 2013 को संपन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत वक्तव्य )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/02/blog-post_22.html

## पावन प्रसंग

### नाही बेदी सबदी मोनी जमकै पटै लिखाया

मोको कहां ढूंढे रे बंदे मैं तो तेरे पास में।
न मै देवल न में मस्जिद, न काबे कैलाश में।।
न तो कोनो क्रिया कर्म में,न योग बैराग में।

संत कबीर एक क्रांतदर्शी कवि थे, जिनके दोहों और साखियों में गहरी सामाजिक चेतना प्रकट होती है। वे हिंदू और मुसलमान के भेदभाव को नहीं मानते थे? उनका कहना था कि राम और रहीम एक हैं। वे सामाजिक ऊंच-नीच को नहीं मानते थे। उनके लिए सब समान थे। वे एक क्रांतिकारी रचनाकार थे। उनकी यह क्रांतिकारी चेतना आर्थिक, सामाजिक भावों का परिणाम है। सामाजिक असमानता के शिकार और आर्थिक साधनों के अधिकार से वंचित निम्नवर्गीय लोगों की स्थिति देखकर उनका मन द्रवित हो उठा था। धार्मिक कर्मकांडों और पाखंडों के विस्तार और रूढ़ियों ने उन्हें मंदिर प्रवेश की अनुमति प्रदान नहीं की थी। इन सभी कारणों ने उन्हें विद्रोही बना दिया। इस संदर्भ में डॉ. विश्वनाथ तिवारी ने अपना मत प्रकट करते हुए लिखा है- संत कबीर का मुख्य स्वर विद्रोह का है। यद्यपि वे मूल्यहीन विद्रोही नहीं थे, वे संत कवि थे। संत कवि सदाचरण पर अत्यधिक बल देते थे। उन्होंने वर्णाश्रम व्यवस्था पर तीव्र प्रहार करके मनुष्य की उच्चता और निम्नता का मानदंड आचरण को माना, वर्ण को नहीं।

निस्संदेह कबीर के लिए सदाचरण का नियम ही धर्म की कसौटी था और उनके द्वारा बनाए गए आचारित धर्म के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य पाखंडों एवं आडंबरों से दूर हो सकता था। वे बाह्यांडबरों, मिथ्याचार एवं 'कर्मकांडों' के सहज साधना के नाम पर कई प्रकार के जुगुप्सित आचारों का समावेश इन पदों में हो गया था। उस समय 'सहज' शब्द बहुत प्रचलित था, जिसका आशय था इंद्रियों को वश में करके चित्त को परमात्मा में लीन कर देना, किंतु इस सहज का जो रूप सहजसुख और महासुख की साधना के सामने आया, उसका कोई संबंध इंद्रियदमन से नहीं था। संत कबीर ने सहज का जो रूप सामने रखा था, वह इस प्रकार था-

सहज सहज सब कोई कहै, सहज न चीन्हे कोई।
जिन्ह सहजै वियात जी, सहज कहीं जै सोई।। निस्संदेह मध्ययुगीन समाज में व्याप्त बाह्याडंबर, मिथ्याचार एवं कर्मकांड आज भी किसी न किसी रूप में आधुनिक कहे जाने वाले इस समाज में विद्यमान है। कबीर ने पंडितों के ही कर्मकांड और बाह्य मिथ्याचार का विरोध नहीं किया वरन उन्होंने नाड़ी, वेदी, सबदी, मौनी, साधकों की व्यर्थता भी घोषित की थी। उन्होंने नारद की हृदय साधना पर जोर दिया था-

नाही बेदी सबदी मोनी जमकै पटै लिखाया।
भगति नारदी हिरै न आई कादि कू छित नुदीनां।।

वे सामाजिक कुरीतियों को हटान चाहते थे। सब को प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की सीख देते थे। वे परोपकार को महत्वपूर्ण ‍मनते थे। उदाहरण के लिए एक दोहे में उन्होंने कहा है-

बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नहीं, फल लागै अति दूर।।

अर्थात बड़े होने का कोई लाभ नहीं है यदि एक व्यक्ति दूसरे के काम न आए। जिस प्रकार खजूर का पेड़ बहुत बड़ा यानि कि ऊंचा होता है पर उसका फल बहुत दूर होता है, जिसको कोई खा नहीं सकता। खजूर का पेड़ यात्रिओं को छाया भी नहीं देता। अत: ऐसे बड़प्पन से भला किसी को क्या लाभ हो सकता है। संत कबीर रचनाओं में तत्कालीन समाज `मं रीति- रिवाजों, संस्कारों, खान-पान, वेशभूषा, सौंदर्य प्रसाधन आदि का उल्लेख भी देखने को मिलता है। इन वर्णनों से समाज के हर वर्ग के लोगों के विषय में जानकारी मिलती है। समाज में उस समय सामंती व्यवस्था थी, उच्च वर्ग के लोग एक विशेष प्रकार का वस्त्र धारण करते थे, जो सफेद रंग का होता था और वह विशेषकर शासक वर्ग ही धारण करता था। उसी प्रकार ब्राह्मण वर्ग का अलग व निम्न वर्ग का अलग वस्त्र था। सामान्य वर्ग के भोजन के बारेमें संत कबीर कहते थे - कि सामान्य जन दाल-भात, खिचड़ी, चना-चबैना इत्यादि से ही संतुष्ट रहते थे।

**- अखंड ज्योति**

## सार समाचार

### 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत में कराएं समाधान

**बिजावर, देशबन्धु।** तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय बिजावर द्वारा 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को न्यायालय परिसर के बार रूम में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मीनल श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत, मोटर दुर्घटना दावा, प्रीलिटिगेशन प्रकरण, चैक बाउन्स, नगर पालिका और बैंक सहित अन्य सभी प्रकरणों का आपसी समझौते से राजीनामा कराके निराकृत करने पर जोर दिया। बैठक में प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधेवन्द्र कुमार श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट चंचल बुंदेला, न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र गोयल, अध्यक्ष अभिभाषक संघ भरतराज शर्मा सहित सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए पंजीयन 10 मार्च तक

**छतरपुर, देशबन्धु।** रबी मौसम 2025 में किसानों को चना, मसूर एवं सरसों फसल की उपज शासन के समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन 10 मार्च तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि 25 मार्च से 31 मई तक रहेगी। उपसंचालक कृषि केके वैद्य ने किसानो से अपील की है कि जो किसान चना, मसूर एवं सरसों फसल की उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहतें हैं। वे गेहूं के पंजीयन केंद्रों मे आधार नम्बर, बैंक खाता, फसल बुवाई प्रमाण पत्र लेकर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। किसान यह सुनिश्चित कर लें कि उनका बैंक खाता, कृषि भूमि, आधार एवं मोबाइल नंबर से लिंक है, कि नहीं जिससे उन्हें परेशानी न हो। किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कामन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केंद्र और निजी संचालित साइबर कैफे से निर्धारित शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं। जिले में पंजीकृत सेवा सहकारी समितियों से भी पंजीयन कराया जा सकेगा।

### अस्पताल के बाहर बैठी वृद्धा को कार ने रौंदा, मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के ईसानगर कस्बे में 75 वर्षीय वृद्धा बेटीबाई प्रजापति अपने पेट में दर्द की शिकायत लेकर ईसानगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाने गई थी। जब वह इलाज के बाद अस्पताल के बाहर पेड़ की छांव में बैठी थी, तभी अचानक वहां आई एक कार ने उसे टक्कर मारकर रौंद दिया। ये हादसा देखकर आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ईसानगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सक्सेना ने बताया मर्ग कायम करके शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

शिवरात्रि महोत्सवः त्रिपुर सुंदरी आश्रम में किया अभिषेक पूजन

# विधायक शर्मा ने की क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कमाना

**सिरोंज, देशबन्धु।** श्री शीतला माता मंदिर त्रिपुर सुन्दरी कल्याण आश्रम पंचकुईया के मंदिर प्रांगण में धर्माचार्य ब्रहमऋषि पं नलिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रधान आचार्यत्व में भगवान उमामहेश्वर के पाणिग्रहण संस्कार के पावन त्यौहार महाशिवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा भी श्रद्धालुओं के साथ अर्धरात्रि उपरांत तृतीय पहर में श्री मृत्युंज्य महादेव एवं द्वादश ज्योर्तिलिंगों के पूजन, अभिषेक एवं आरती में शामिल हुए।



उल्लेखनीय है कि नगर के वरिष्ठ धर्माचार्य पं.नलिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष शीतला माता मंदिर पंचकुईया पर शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां रात्रि के चारों पहर का पूजन अभिषेक आरती आदि करके भगवान भोलेनाथ की आराधना की जाती है। स्थानीय भक्त रामबाबू प्रजापति प्रतिवर्ष द्वादश ज्योर्तिलिगों की प्रति-कृति अर्थात पार्थिव प्रतिमाओं का हूबहु निर्माण करते है तथा धर्माचार्यो के नेतृत्व में उनमें विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कर उमा महेश्वर की विवाह की वर्षगांठ के पावन अवसर महा शिवरात्रि का विराट उत्सव मनाते है। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने महामृत्युज्यं महादेव से सिरोंज लटेरी विधानसभा पर उनकी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। इसके पूर्व महाशिवरात्रि पर उन्होंने विधानसभा के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र चैनपुरा आश्रम में भगवान शिव दरबार एवं छोटी मदागन के सिद्धेश्वर महादेव के मंदिर लटेरी एवं नीलकंठेश्वर महादेव सिरोंज के दर्शन किए और भजन संकीर्तन में भी भाग लिया।

तहसीलदार भी आए दबाव में, दी क्लीन चिट

# ग्रामीणों के विरोध के बाद बैरंग लौटा खनिज विभाग का अमला

**भैरुंदा, देशबन्धु।** तहसील में अवैध उत्खनन पर रोकने के मद्देनजर कार्रवाई करने पहुंचा खनिज विभाग का अमला अमला ग्रामीणों के विरोध के बाद बैरंग लौट आया है। खनिज अमले और ग्रामीणों के बीच हुई नोंकझोंक के बाद तहसीलदार ने बात को संभाली और ग्रामीणों की बात मानते हुए खनिज अमले को वापस लौटा दिया।

दरअसल, खनिज निरीक्षक खुश्बू वर्मा अमले के साथ नर्मदा किनारे पनडुब्बी से अवैध रेत खनन करने वालों पर कार्रवाई के इरादे से ग्राम छिदगांव काछी में पहुंची थीं। उन्होंने यहां एक पनडुब्बी मशीन को ले जाने के लिए खनिज अमले को निर्देश दिया। लेकिन ग्रामीण सामने आ गए और कार्रवाई को अनुचित बताते हुए तर्क-वितर्क करने लगे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार सौरभ शर्मा व पटवारी ने पनडुब्बी मशीन को क्लीन चिट दी कि इस मशीन से कई दिनों से रेत नहीं निकाली गई है। ग्रामीणों के विरोध के चलते वह भी दबाव में नजर आए, जिसके बाद खनिज अधिकारी खुश्बू पांडे अमले के साथ वापस लौट आईं।

### इनका कहना है

सूचना के बाद हमारी टीम ग्राम छिदगांव काछी पहुंचा। जहां जांच में यह बात सामने आई कि पनडुब्बी मशीन किसान के खेत मे खड़ी मिली है। इसलिए नियमानुसार कार्रवाई करना उचित नहीं है।

**सौरभ शर्मा, तहसील भैरुंदा**

# ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की दी जानकारी



**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम चोडाखेड़ी में जल जीवन मिशन योजना के तहत मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित भोपाल एवं सहारा मंच भोपाल द्वारा एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं पी आर ए के मध्यम से गांव का नक्शा बनाकर पानी के मुख्य स्त्रोतों को दर्शाया गया।

इसमें सहारा मंच से अब्दुल सामी खान, मलखान सिंह, सौरभ भार्गव एवं अभिषेक मुजुमदार, ग्रामीणजन, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता आदि उपस्तिथ रहे।

# महाशिवरात्रि पर दीपों से जगमगाया मुक्तिधाम

**सिरोंज, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि उत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मोक्ष सेवा समिति ने मुक्तिधाम परिसर में भी महाशिवरात्रि उत्सव का आयोजन किया। समिति द्वारा महाशिवरात्रि उत्सव मनाने के लिए विगत दिनों से तैयारिया की जा रही थी। मोक्षधाम समिति से जुड़े समाजसेवियों ने एक दिन पूर्व तहसील रोड स्थित मुक्तिधाम में महाशिवरात्रि पर्व मनाने शिव भक्तों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर नागरिकों से मुक्तिधाम में प्रज्वलित करने के लिए पांच दीपक लाने का भी आह्वान किया।



महाशिवरात्रि पर्व को लेकर दिनभर परिसर में सजावट का दौर चलता रहा। रात्रि में करीब आठ बजे एकत्रित श्रद्धालुओं ने पूरे मुक्तिधाम परिसर में दीप लगाकर जगमग किया इसके उपरांत यह स्थापित देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद उपस्थित नागरिकों ने महामृत्युंजय मंत्र की ध्वनि पर ध्यान योग भी किया।

नगर के अनेक मंदिरों के दर्शनों को निकले नागरिक पहली बार मरघट शाला परिसर में साज सजावट देखकर दर्शनों के लिए पहुंचे। समिति ने दीप श्रृंखला के अलावा परिसर को जगमग करने के लिए विद्युत सज्जा कराई जिससे समूचा परिसर रोशनी से जगमगा रहा है। इस अवसर पर समिति के सदस्य रामप्रकाश साहू ने बताया कि दो वर्ष पूर्व विधायक के मार्गदर्शन में एक समिति के माध्यम से हमने मुक्तिधाम के स्वरूप को बदलने का प्रयास जनसहयोग से प्रारंभ किया था। शहर के सभी नागरिकों के सहयोग से आज हम यहां उत्सव मना रहें हैं। धीरे धीरे हम शहर के सभी मुक्तिधामों को विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश पर जनसहयोग से व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहें हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव, लक्ष्मण कटियार, पार्षद सचिन शर्मा, राकेश भार्गव, श्यामकुमार साहू, शेर सिंह भदौरिया, बबलू मालवीय, सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

# सांसद शर्मा ने स्टेशन पर पान की पीक साफ कर दिया स्वच्छता का संदेश



**सीहोर, देशबन्धु।** भोपाल संसदीय क्षेत्र से सांसद आलोक शर्मा आज गुरुवार को जिला मुख्यालय के दौरे पर आए। इस दौरान सांसद आलोक शर्मा सीहोर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। सांसद शर्मा के साथ विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सांसद आलोक शर्मा को रेलवे स्टेशन पर एक स्थान पर पान की पीक की गंदगी मिली। जिस पर सांसद आलोक शर्मा ने नाराजगी जताई। शर्मा ने तुरंत रेलवे स्टाफ से पानी की बाल्टी ओर कपड़ा मंगवाया और अपने हाथ से पीक धोना शुरू कर दिया। इस दौरान विधायक राय इस गंदगी पानी डाल रहे थे। शर्मा ने गंदगी को लेकर स्टेशन प्रबंधन से नाराजगी का इजहार भी किया।

इस दौरान स्टेशन के ओवर ब्रिज पर बेतहाशा धूल देखकर सांसद आलोक शर्मा ने अपनी नाराजगी जाहिर की। शर्मा ने ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर भी रेल मंत्री से बात करने का आश्वासन दिया।

# सहकारिता कर्मियों ने कसी आंदोलन के लिए कमर

**सीहोर, देशबन्धु।** मौजूदा कर्मचारियों की 60 फीसदी पदों पर भर्ती और नियमित वेतनमान को लेकर सहकारिता विभाग के पैक्स कर्मचारी एक बार फिर शासन के सामने हैं। गत 26 फरवरी से इन्होंने जंगी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। वह 5 मार्च को मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री और विंध्याचल भवन भोपाल पर धरना देंगे। इसके बाद कर्मचारी आगे की रणनीति बनाने के लिए निरंतर अप्रत्यक्ष तौर पर बैठक कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के बीच जोखिम उठाकर कम किया। सरकार के हर आदेश का पालन करते हुए गरीब जनता और किसानों की सेवा की। इस दौरान कई की जान भी गई। उसके बाद भी पीओएस मशीन में उक्त खाद्यान्न को कम नहीं किया गया। आरोप है कि मांगों की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया गया। मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के सीहोर जिला अध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि वर्ष 2023 में सरकार से जो समझौता हुआ था। उसके अनुसार कर्मचारियों को वेतनमान नहीं दिया जा रहा है। सरकार में विभाग अधिकारियों और मंत्रियों के बीच 60 फीसदी भर्ती का भी समझौता हुआ था। उसका भी पालन नहीं किया गया है। जबकि पैक्स संस्थाओं के कर्मचारी नियमित पदों पर काम करने की प्रतीक्षा में रिटायर हो रहे हैं। पूर्व सरकार ने दो बार तिथि तय की। लेकिन उनकी महापंचायत नहीं बुलाई गई।



### अव्यवस्था : खुले मैदान में कराया गया हाईस्कूल का पर्चा

**महाराजपुर, देशबन्धु।** यहां के शासकीय नेहरू उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा अव्यवस्था के बीच चल रही है। गुरुवार को 10वीं के 787 विद्यार्थियों को हिंदी विषय का पर्चा अटल सभागार के खुले मैदान में बैठकर करना पड़ा है। दरअसल इस केन्द्र पर क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा देना है। इस कारण सारी व्यवस्थाएं बोनी साबित हो रही हैं। गुरुवार को 10वीं बोर्ड का हिन्दी विषय का पर्चा था, करीब 200 से अधिक विद्यार्थी खुले मैदान में पेपर देने के लिए बैठे थे। इसके पास में सड़क और बस स्टैंड होने से यहां से गुजरने वाले वाहनों व बसों के शोर और उनके हार्न की आवाज से परीक्षार्थियों को खासी दिक्कत हुई।

### एसपी ने कई आरोपियों की गिरफ्तारी पर किया इनाम घोषित, कई गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले के विभिन्न थानों के फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया है। वहीं कई इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।बताया गया है कि थाना नौगांव के धोखाधड़ी प्रकरण में फरार आरोपी पप्पू उर्फ अलखराम राजपूत पिता मथुरा राजपूत एवं एक अन्य निवासी ग्राम कुडार थाना खरेला जिला महोबा उत्तर प्रदेश पर 5000 रुपए का इनाम घोषित किया है। थाना खजुराहो के वर्ष 2023 के मारपीट के आरोपी विनोद रैकवार पिता नारायण रैकवार निवासी ग्राम इमलया थाना बमीठा पर 3000, थाना अलीपुरा के 3, थाना भगवा के एक पृथक पृथक प्रकरण में अज्ञात आरोपी पर तीन तीन हज़ार रुपए, थाना सिविल लाइन छतरपुर के मारपीट एवं एससी एसटी प्रकरण में फरार आरोपी शिवम सिंह चंदेल, कक्कू ठाकुर, चारु, श्यामबिहारी कुशवाहा और अंकित निवासी ग्राम बगौता पर 3000 रुपए के इनाम की घोषणा की गई है। कामयाबी के बारे में बताया गया है कि हाल में थाना बमीठा में 20000 के 3 इनामी अमर सिंह, रूपेश गुप्ता, घनश्याम प्रजापति एवं 12000 के 2 इनामी बिसला अहिरवार एवं कल्लू अहिरवार गिरफ्तार किए गए। थाना ईशानगर के 10000 के इनामी गोलू उर्फ रंजीत सिंह, थाना कोतवाली में 29000 रुपए के इनामी 16 वारंटी, थाना सटई के 6000 के वारंटी बिहारी रैकवार और थाना लवकुशनगर के 4000 रुपए के इनामी वारंटी राजा अहिरवार को गिरफ्तार किया गया है।

## रमजान और होली पर 24 घंटे पर्याप्त बिजली सप्लाई की जाए : रईस

**आष्टा, देशबन्धु।** एक मार्च से रमजान मुबारक महीना शुरू होने के साथ साथ मार्च के माह मे ही होली पर्व का त्यौहार भी आ रहा है पार्षद प्रतिनिधि शेख रईस ने एक लिखित आवेदन बिजली विभाग अधिकारी को देकर मांग की है कि रमजान माह के मुबारक माह में मुस्लिम धर्म से जुड़े नागरिक गण रात दिन घरों एवं मस्जिदों में इबादत करते हैं। उक्त माह में भीषण गर्मी भी ष्शुरू हो रही है ।घरों में मस्जिदों में कूलर पंखे आदि



चलते हैं रमजान माह के साथ-साथ होली उत्सव का त्यौहार भी नगर में लगातार 5 दिनों तक मनाया जाता है । रमजान एवं होली पर विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से पर्याप्त होना अत्यंत जरूरी है । पार्षद प्रतिनिधि शेख रईस ने बताया कि पिछले साल रमजान माह के एक माह के त्योहार पर नगर में विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से नहीं होने के कारण रमजान माह में मुस्लिम समाज के रोजदारो को भीषण गर्मी एवं अंधेरे का सामना करना पड़ा था पार्षद प्रतिनिधि शेख रईस ने मांग की है कि रमजान के पूरे एक माह पर्याप्त समय पर बिजली दी जाए स्ट्रीट लाइट शाम को समय पर चालू की जाए । शेख रईस ने आवेदन में लिखा कि समय रहते ट्रांसफार्मर के लोड चेक किए जाएं जगह-जगह केवल जो खराब है उन्हें बदल दी जाए, ताकि रमजान माह एवं होली के त्यौहार में विद्युत सप्लाई से परेशानियों का शहरवासियों को सामना न करना पड़े।

# पार्वती नदी हुई लबालब, अब पानी चोरी से बचाना नपा की जवाबदारी

**आष्टा, देशबन्धु।** नगरवासियों की प्यास बुझाने वाली सबसे बड़ी जीवनदायिनी पार्वति नदी अब रामपुरा डेम से छोड़ा गया पानी आने के कारण पूरी तरह लबालब भरा चुकी है। जिससे शहरवासियों को उम्मीद है कि गर्मी में पानी के लिए नही भटकना पड़ेगा। जिस तरह से नदी भरा चुकी है। उससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है। लेकिन गर्मी के चार माह शेष है।



वहीं इन दिनों पानी का अधिक उपयोग होता है। जिसके चलते चोरी की आशंका है। क्योंकि आष्टा से सिद्दीगंज रामपुरा डेम तक एक दर्जन से अधिक गांव के किसान दर्जनो मोटर से नदी का पानी रात दिन चोरी कर खेती मे उपयोग कर रहे है। अगर समय रहते इन्हे नही रोका गया तो दो माह में ही पानी खत्म हो जाएगा। रामपुरा डेम से जब पानी छोड़ गया था उस समय नगरपालिका ने सख्ती दिखाते हुए 27 मोटर जब्त कर कार्यवाही की थी। अब नदी में 15 से 20 दिन बाद पर्याप्त पानी आ गया। नगरपालिका ने भी पानी चोरी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी। जिसके कारण नदी का जलस्तर कुछ दिनो मे ही गिरने लगा है। इसलिए नगर पालिका को सुरक्षा के माकूल इंतजाम करने होंगे।

वहीं रामपुरा डेम से छोड़े गए पानी के कारण नदी एक बार फिर ष्शटर से टकराने लगी है। लेकिन इसको स्वच्छ रखना जरूरी है। क्योकि नदी मे ही लोग अब गंदगी फेकने लगे है। अगर नही रोका गया तो यह स्वच्छ पानी जल्दी प्रदूषित हो जाएगा। और पीने योग्य नही रहेगा। नगरपालिका ने नदी किनारे एक बोर्ड लगा रखा है जिसमें लिखा कि नदी के पानी में गंदगी फेकने पर जुर्माने की कार्यवाही होगी लेकिन आज तक किसी पर कोई कार्यवाही नही की। इस कारण लोगो के हौसले बुलंद है।

### इनका कहना है

पार्वति नदी मे पर्याप्त पानी है। चोरी रोकने के लिए टीम गठित की गई है। जो रोज सर्च कर रही है। जो चोरी कर रहे है उनकी मोटर जब्त की गई है।

**राजेश सक्सेना, सीएमओ नपा**

# जितने भी अधूरे कार्य है वह सभी शीघ्र पूर्ण होंगे : मेवाड़ा

**आष्टा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के विकास पुरूष मुख्यमंत्री की हमेशा से मंशा रही है कि पंक्ति के अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ कैसे और किस तरह से पहुंचाया जा सकें। उन्हीं की मंशानुसार नगर की भाजपा सरकार द्वारा भी कार्य किया जा रहा है। नगर में जितने भी अधूरे एवं क्षतिग्रस्त मार्ग है उन्हें हम अपने कार्यकाल के अंतिम तक पूर्ण करेंगे।



परिषद नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में कृतसंकल्पित है साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी नगरवासियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 16 अरिहंत कॉलोनी एवं वार्ड क्रमांक 15 सुभाष नगर में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर व्यक्त किए। दोनों निर्माण कार्यो का भूमिपूजन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षदगण रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। श्री मेवाड़ा ने बताया कि अरिहंत कॉलोनी में पूर्व में सीसी रोड़ बनाया गया था जिसका अधूरा कार्य संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा छोड़ दिया गया था, जिस पर नियमानुसार नगरपालिका द्वारा कार्यवाही की गई है।

अब इस कॉलोनी का यह अंतिम मार्ग था जिसका आज भूमिपूजन संपन्न हुआ है शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण होकर यह मार्ग आपकी सुविधा के लिए तैयार हो जाएगा। साथ ही पेयजल हेतु पाईप लाईन बिछाई का कार्य भी सीसी रोड़ के साथ-साथ पूर्ण होगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम को नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, वार्ड पार्षद रवि शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कुमेरसिंह मिट्ठूपुरा, अर्जुनसिंह ठाकुर, प्रवेश शर्मा, सुनील शर्मा, संजय परमार, महेश जैन, राजेश ठाकुर, अंतिम सोलंकी, मनोहर मेवाड़ा, मनोहरसिंह ठाकुर, विक्रमसिंह ठाकुर, कैलाश बैरागी, शुभम पांडे, रमेश चौरसिया, धीरजसिंह ठाकुर, अनिल राठौर, योगेन्द्रसिंह ठाकुर, ओमप्रकाश शर्मा, सोदानसिंह दरबार, विजय मेवाड़ा, रीना तिवारी, सहायक यंत्री आकाश गोयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, सुभाष सिसौदिया, आकाश चौहान आदि मौजूद थे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### भारत माता मंदिर निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय हिंदू जन जागरण वाहनी ने बैतूल के सदर क्षेत्र में भारत माता मंदिर एवं धार्मिक आयोजनों के लिए एक हाल निर्माण हेतु 8000 वर्गफुट शासकीय नजूल भूमि आवंटित करने की मांग की है। इस संबंध में भारतीय हिंदू जन जागरण वाहनी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सदर क्षेत्र स्थित छिन्नमाता मंदिर के समीप रिक्त शासकीय नजूल भूमि (शीट नं. 35, प्लॉट नं. 26, रकबा 42270 वर्गफुट) में से 8000 वर्गफुट भूमि भारत माता मंदिर एवं धार्मिक आयोजनों के लिए स्थायी रूप से आवंटित की जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि वे शासन के सभी नियमों का पालन करेंगे। ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अपने हर कार्यालय में भारत माता की मूर्ति स्थापित करता है, ऐसे में संगठन भी सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए यह पहल कर रहा है। इस संबंध में एक प्रतिलिपि भाजपा के प्रांतीय संगठन मंत्री हितानंद शर्मा और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को भी भेजी गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष नारायण मालवी, अनूप पारली, शांतिलाल पटेल, कमलेश पवार, सुशील पवार, श्रीकांत पर्वत, राव कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### विद्यार्थी प्रज्ञा बुद्ध विहार में दे रहे बोर्ड की परीक्षा



**बैतूल, देशबन्धु।** जामठी के शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय परीक्षा केंद्र में जगह की कमी के कारण 70 विद्यार्थियों की परीक्षा प्रज्ञा बुद्ध विहार में आयोजित की गई। जामठी स्थित प्रज्ञा बुद्ध विहार में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सोनाघाटी, जामठी सहित भारत भारती विद्यालय, ज्ञानकृति स्कूल के विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंच रहे हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने वहां की सकारात्मक ऊर्जा को भी महसूस किया। शांत और प्रेरणादायक माहौल में आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों ने खुद को आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस किया।

प्रज्ञा बुद्ध विहार समिति के आरडी पाटिल ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों की प्रेरणा इस परीक्षा केंद्र में स्पष्ट रूप से झलक रही है। उन्होंने बताया बुद्ध विहार का ऐतिहासिक महत्व बहुत गहरा है, क्योंकि 2500 साल पहले बुद्ध विहार शिक्षा के प्रमुख केंद्र थे। प्राचीन काल में बुद्ध के सिद्धांतों और ज्ञान पर आधारित शिक्षा दी जाती थी, जहां शिष्य आत्मज्ञान और सामाजिक उत्थान की शिक्षा ग्रहण करते थे। प्रज्ञा बुद्ध विहार विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और आत्मविश्वास का स्रोत भी बन रहा है। उनका कहना था कि बुद्ध विहार का शांतिपूर्ण और सकारात्मक माहौल उन्हें एक नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं दिखी, जिससे छात्रों को निर्बाध रूप से परीक्षा देने का अवसर मिला। श्री पाटिल ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र का चयन विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक स्थान के रूप में किया गया है। डॉ. अंबेडकर के विचारों के अनुरूप यह स्थान शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दे रहा है।

### डॉ. महेश राठौड़ को मिली पीएचडी



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल के प्रतिभावान युवा डॉ. महेश राठौड़ को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्यप्रदेश) द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक रूचि व व्यवसायिक रूचि का तुलनात्मक अध्ययन (बैतूल जिले के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध किया है। उनका यह शोध कार्य भाभा विश्वविद्यालय की डॉ. कविता पड़ेगांवकर के निर्देशन में पूरा हुआ। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता मधुसूदन राठौड़, माता मालाबाई राठौड़ और समस्त राठौड़ परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

### भोपाली मेले में मांझी सरकार के सैनिक ने पकड़ा बाइक चोर

#### महिला को गुम हुए 10 हजार रुपए लौटाए



**बैतूल, देशबन्धु।** भोपाली मेले में इस बार भी मांझी सरकार के सैनिकों ने अपनी निष्ठा और ईमानदारी से सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाई। जानकारी के अनुसार, मेले में उत्तर प्रदेश के चोर गिरोह सक्रिय थे, जो चोरी की वारदातों को अंजाम देने की फिराक में थे। इसी दौरान मांझी सरकार के सैनिक अशोक वरकडे ने एक बाइक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा, मांझी सरकार के सैनिक बलिराम उइके ने मेले में एक महिला के गुम हुए 10 हजार रुपए की राशि उन्हें लौटा दी। इस सराहनीय कार्य के लिए एडिशनल एसपी ने मांझी सरकार के सैनिकों की प्रशंसा की और पुलिस प्रशासन ने भी उनका आभार जताया। महाशिवरात्रि के अवसर पर हर साल आयोजित होने वाले भोपाली मेले में मांझी सरकार के सैनिक नि:स्वार्थ रूप से तीन दिन तक सुरक्षा व्यवस्था संभालते हैं। इस बार भी उन्होंने पूरी ईमानदारी से अपनी सेवाएं दीं।

# आरोप : जांच में आंगनवाड़ी भर्ती में गड़बड़ी का खुलासा, फिर भी दोषियों पर नहीं हुई कार्रवाई

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती 2023 में हुए फर्जीवाड़े को लेकर जयस संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। जयस प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई और वेटिंग लिस्ट में शामिल पात्र उम्मीदवारों की तत्काल नियुक्ति की मांग की गई बताया कि ऐसे बहुत से प्रकरणों में लेटलतीफी हो रही है, जयस ने साफ कर दिया है कि अगर जल्द नियुक्ति नहीं हुई तो संगठन की ओर से अगली रणनीति तैयार करेगें । संगठन ने अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब जांच में फर्जी दस्तावेजों से भर्ती का मामला उजागर हो चुका है, तो फिर पात्र उम्मीदवारों को उनका हक देने में देरी क्यों की जा रही है।



आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया 2023 के तहत 24 जुलाई से 31 अगस्त 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। ऐसा ही एक मामला बाल विकास परियोजना भीमपुर का है जिनके द्वारा 26 जुलाई 2024 को अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई। इसके बाद आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2024 तय की गई थी। इसी कड़ी में संगीता पति बिरज लाल उइके ने 1 अगस्त 2024 को अपनी आपत्ति दर्ज करवाई थी। 28 अक्टूबर 2024 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दावा-आपत्ति निराकरण समिति की बैठक हुई। इसमें जांच के बाद सामने आया कि चयनित उम्मीदवार अनिता पति रितेश का बीपीएल कार्ड फर्जी था।18 दिसंबर 2024 को तहसीलदार भीमपुर ने ग्राम भारगढ़ बेहड़ा में ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच करवाई, जिसमें फिर से साबित हुआ कि अनिता पति रितेश के पास कोई वास्तविक बीपीएल कार्ड नहीं है। तहसीलदार भीमपुर ने 7 जनवरी 2025 को अपनी रिपोर्ट जिला परियोजना बैतूल को भेज दी। इसके बावजूद आज तक वेटिंग लिस्ट में शामिल पात्र उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जयस संगठन ने इसे अधिकारियों की लापरवाही करार दिया है और चेतावनी दी है कि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने मजबूर होंगा।

**सरपंच और पंच पहुंचे जिला पंचायत सीईओ के पास** - भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर भारगढ़ दामजीपुरा के सरपंच हरसूद धुर्वे एवं पंच जिला पंचायत सीईओ कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी जताई। जयस प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे ने कहा कि अक्टूबर 2024 में जिला स्तरीय जांच समिति ने साफ कर दिया था कि कई आवेदकों के बीपीएल दस्तावेज फर्जी हैं, इसके बावजूद तहसीलदार और एसडीएम भैंसदेही को जांच में चार महीने का समय लग गया। अब पांच महीने बाद भी पात्र उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जो अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने सरपंच और पंचों को आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**नियुक्ति नहीं हुई तो सड़कों पर उतरेगा जयस** - जयस संगठन ने स्पष्ट कहा है कि यदि पात्र उम्मीदवारों को जल्द नियुक्त नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जामवंत सिंह कुमरे ने कहा कि अधिकारी आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण योग्य उम्मीदवारों को हक मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि अब संगठन चुप नहीं बैठेगा और अगर नियुक्ति में और देरी हुई तो जिला प्रशासन के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।



## जिला जेल में बंदियों ने कुंभ के जल से किया स्नान

**बैतूल, देशबन्धु।** हिंदू महाशक्ति संघ के तत्वाधान में गुरुवार को जिला जेल में एक अनूठा आयोजन संपन्न हुआ, जहां जेल प्रशासन के सहयोग से बंदियों को प्रयागराज से लाए गए गंगाजल से स्नान करवाया गया। इससे पहले हिंदू महाशक्ति संघ ने बैतूल के उड़दन स्थित मातोश्री वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए इसी तरह का आयोजन किया था।

जिला जेल में आयोजित इस कार्यक्रम में जेल अधीक्षक योगेंद्र कुमार तिवारी, जेल शिक्षक हरि लोधी, वरिष्ठ प्रहरी रामराव सलाने सहित संपूर्ण जेल प्रबंधन की उपस्थिति रही। हिंदू महाशक्ति संघ ने पहले ही इस आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली थी। संघ के संभागीय अध्यक्ष अभिषेक धोटे (निशु), बैतूल जिलाध्यक्ष अजय बर्डे और जिला सचिव शांतनु पटेल प्रयागराज प्रवास के दौरान मां गंगा का जल लेकर आए थे, ताकि जो लोग 144 वर्षों बाद आयोजित भव्य दिव्य महाकुंभ में नहीं जा सके, उन्हें बैतूल में ही पुण्य लाभ मिल सके।

संभागीय संगठन अध्यक्ष अभिषेक धोटे ने बताया कि जिला जेल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बंदियों ने गंगाजल स्नान की इच्छा जताई, जो इस बात का प्रमाण है कि वे अपने कर्मों की सजा पूरी करने के बाद समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए तैयार हैं। इस आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा एक पंडितजी की भी व्यवस्था संघ से मांगी गई थी। हिंदू महाशक्ति संघ के सहयोग से पंडित नीलेश पाठक ने जेल परिसर में विधिवत पूजन संपन्न करवाया और गंगाजल बंदियों के स्नान के लिए उपलब्ध कराया। धार्मिक विधि-विधान के साथ हुए इस आयोजन में जेल परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कार्यक्रम में हिंदू महाशक्ति संघ के प्रदेश महामंत्री विशाल भावसार, जिलाध्यक्ष अजय बर्डे, संभाग अध्यक्ष अभिषेक धोटे (निशु), जिला उपाध्यक्ष अनुराग सायरे, जिला सचिव शांतनु पटेल, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी साबले, जिला प्रवक्ता हिमांशु माथनकर, जिला मीडिया प्रभारी सचिन जैन, कोषाध्यक्ष राहुल महाजन, कार्यालय प्रभारी आशीष कलभोर, सहसचिव सत्यम यादव, संरक्षक नीरज राठौर, संरक्षक अमित नागले, संरक्षक आशुतोष अड़लक सहित संघ के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस आयोजन ने जेल में बंदियों के बीच सकारात्मक बदलाव और आत्मशुद्धि का संदेश दिया। हिंदू महाशक्ति संघ के इस अनूठे प्रयास की सराहना करते हुए जेल प्रशासन ने इसे आध्यात्मिक रूप से प्रेरणादायक बताया।

# युवक का आरोप लूट की एफआईआर दर्ज नहीं कर रही पुलिस, एसपी से शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। ग्राम बरजोरपुर में 26 फरवरी को एक युवक से दबंगों ने पहले सोशल मीडिया विवाद को लेकर मारपीट की, फिर सोने की चेन, अंगूठी, मोटरसाइकिल और 15 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित ने जब थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करानी चाही, तो पुलिस ने सिर्फ मारपीट की रिपोर्ट लिखी, लेकिन लूट की घटना को नकार दिया। जबकि अनावेदक खुलेआम छीनी हुई बाइक से घूम रहा है। खुलेआम सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए पोस्ट डाल रहे हैं, जब पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की, तो उल्टा पुलिस ने ही उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वह शिकायत वापस ले।

ग्राम टांगनामाल निवासी महेश कुमार यादव ने शिकायत में बताया कि वह शिवरात्रि के दिन 26 फरवरी की सुबह 10:30 बजे ग्राम बरजोरपुर में शिवराम यादव की दुकान पर भंडारे का सामान खरीदने गया था। उसके साथ गांव के ही अजीत यादव पिता केशरी यादव और छन्नू यादव पिता दल्लू यादव भी मौजूद थे। इसी दौरान मनीष यादव पिता मयाराम यादव (25) और मेमबती पति मेलाराम यादव (40) वहां पहुंचे और सोशल मीडिया विवाद पर गाली-गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। कुछ ही देर में मेलाराम यादव पिता सुखनंदन यादव (45), अनिल यादव पिता



शंकर यादव (38) और प्रफुल्ल यादव पिता मेलाराम यादव (22) भी वहां पहुंच गए। चारों तरफ से घेर लिया। अनिल यादव और प्रफुल्ल यादव ने दोनों हाथ पकड़ लिए और मेलाराम यादव ने गले से सोने की चेन खींच ली। मनीष यादव ने उसकी सोने की अंगूठी और जेब में रखे 15 हजार रुपये निकाल लिए। इतना ही नहीं, मोटरसाइकिल (टीवीएस अपाचे, एमपी-48 एमजेड-8817) जबरन छीनकर अपने घर में खड़ी कर दी।

घटना के बाद महेश अपनी मां सतीबाई यादव, जीजाजी दीपक यादव, सुभाष यादव, भूरा यादव और करण यादव के साथ थाना बीजादेही पहुंचा। लेकिन वहां उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। पुलिस ने मामला दबाने की कोशिश की और उसे टरका दिया। इसके बाद उसने मजबूरी में सीएम हेल्पलाइन (शिकायत नंबर 31152001) पर शिकायत दर्ज कराई। अगले ही दिन 27 फरवरी को थाना बीजादेही से महेश को बुलाया गया। वहां पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने शिकायत वापस लेने की बात कही। महेश ने पुलिस अधीक्षक बैतूल से न्याय की मांग करते हुए कहा कि पुलिस सिर्फ मारपीट का मामला दर्ज कर रही है, लेकिन मेरी सोने की चेन, अंगूठी, बाइक और 15 हजार रुपये की लूट की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही। पीड़ित में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उनकी सोने की चेन, अंगूठी, मोटरसाइकिल वापस दिलाने की मांग की है।

## 10वीं की परीक्षा का शुरू, पहले दिन हुआ हिंदी का प्रश्न पत्र

- 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा आज

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में हाई स्कूल कक्षा 10वीं की परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल सिंह कुशवाह ने बताया कि जिले के 126 परीक्षा केंद्रों पर 20 हजार 223 विद्यार्थियों ने हिंदी विषय का प्रश्न पत्र हल किया। जिला स्तर पर गठित उड़न दस्ता द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नकल के प्रकरण पंजीबद्ध नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज 28 फरवरी 2025 को हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा 12वीं अंतर्गत अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र आयोजित होगा।


जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल सिंह कुशवाह ने बताया कि कक्षा दसवीं हिंदी विषय के प्रश्न पत्र में कुल 20 हजार 921 परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना था, जिसमें 698 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे एवं 20 हजार 223 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। नकल प्रकरणों को रोकने के लिए कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्तरों पर बनाए गए उड़न दस्तों द्वारा परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया गया। विभिन्न स्तर पर बनाए गए उड़न दस्तों द्वारा समाचार जारी किए जाने तक, प्रश्न पत्र के दौरान 65 केंद्रों का निरीक्षण किया गया। विभिन्न केंद्रों पर नकल संबंधी कोई प्रकरण पंजीबद्ध नहीं हुआ।

**मोबाइल एप से हो रही परीक्षा की निगरानी** - जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुशवाहा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संपूर्ण परीक्षा पर निगरानी रखे जाने की दृष्टि से मोबाइल एप विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न स्तरों से रिपोर्टिंग एवं निगरानी की कार्यवाही संपादित की जा रही है। परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को परीक्षा समय का विशेष ध्यान रखे जाने की हिदायत दी गई है। नकल की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दृष्टि से परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रात: 8 बजे पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है। यह निर्देश उनके प्रवेश पत्र पर भी अंकित है। केंद्र पर तलाशी, अनुक्रमांक अनुसार कक्ष आवंटन संबंधी कार्य इत्यादि के बाद 8:30 बजे परीक्षार्थी को कक्ष में प्रवेश दिया जाना होता है। अभिभावकों एवं परीक्षार्थियों से निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है।

## वन अधिकारी, कर्मचारियों ने शहीद रेंजर को दी श्रद्धांजलि

### हत्यारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** अवैध खनन और परिवहन को रोकने गए रेंजर को माफिया द्वारा कुचल कर मार देने की हृदय विदारक घटना सामने आई है। बैतूल रेंजर असोसिएशन और वन कर्मचारियों ने गुरुवार को शहीद रेंजर को वन विद्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान वन शहीद किशोर कुमार के हत्यारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक जोधपुर राजस्थान के ब्यावर जिले के बिजागुड़ा रेंजर राजस्थान के पचानपुरा और कालब खुर्द के बीच अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के परिवहन को रोकने के लिए गए रेंजर किशोर कुमार और फॉरेस्ट गार्ड विष्णु मीणा को ट्रेक्टर से वन माफियाओं ने कुचल दिया था, जिससे रेंजर किशोर कुमार की मौत हो गई थी। वहीं फॉरेस्ट गार्ड विष्णु मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। इस घटना को लेकर देश का पूरा वन अमला शोक में डूबा हुआ है। बैतूल वन वृत्त में वन अधिकारियों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर मृतक किशोर कुमार को केंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा शांति के लिए दो मिनिट का मौन धारण किया। इस दौरान वन अधिकारियों ने राजस्थान सरकार से वन शहीद किशोर कुमार के हत्यारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान मध्य प्रदेश सरकार से मांग करते हुए वन अधिकारियों, कर्मचारियों ने कहा कि एक लाठी से जंगल की सुरक्षा तो क्या हम अपनी रक्षा भी नहीं कर सकते है। वन अधिकारियों कर्मचारियों ने कहा की पुलिस को सारे संसाधन दिए जाते है, उसी प्रकार वन अधिकारियों और कर्मचारियों को भी संसाधन दिए जाएं। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी, अध्यक्ष नितिन पवार, प्रदेश सहसचिव रवीन्द्र पाटीदार, वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष आकाश प्रधान, लोकेश कोसे, ओमकार मालवी, राकेश वरवड़े,पंकज राठौर, योगेश साहू, मुकेश खंडाग्रे, देवेंद्र घिड़ोड़े, इंद्रदेव बारस्कर, रितेश पवार, राजेश शर्मा , सरिता तोमर समस्त वन अमला मौजूद रहा।

## हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की खोली पोल

**सारनी, देशबन्धु।** बैतूल जिले के छोटा महादेव के नाम से प्रचलित आस्था के केंद्र में आयोजित भोपाली मेला ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया। इस मेले में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु एकत्रित हुए, जिससे भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की चुनौतियाँ खड़ी हो गईं। भव्यता के साथ आयोजित इस मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मेला स्थल पर आवश्यक सुविधाओं की कमी और सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति ने स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया। यह स्थिति और भी चिंताजनक थी, क्योंकि मेला स्थल को पर्यटन स्थल घोषित नहीं किया गया था, जिससे व्यवस्थाओं में और कठिनाई आई। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया है कि बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए एक मजबूत बुनियादी ढांचा और प्रशासनिक ढांचा होना जरूरी है।



# सापना जलाशय से नहरों में जल्दी पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसान पहुंचे जल संसाधन विभाग

### होली तक नहर बंद करने की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** रबी सीजन की मुख्य गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए सापना जलाशय से नहरों में पानी छोड़ने के लिए किसानो ने जल संसाधन विभाग पहुंचकर एसडीओ से चर्चा की और नहर को जल्दी में जल्दी पानी छोड़ने और होली तक बंद करने के लिए अपना प्रस्ताव रखा और कहा कि यदि होली तक नहर बंद नहीं की जाएगी तो किसान नहर नहीं छोड़ने देंगे ।

दरअसल सापना जलाशय से नहरों में गेहूं की फसल की सिंचाई के तीसरी बार सिंचाई विभाग नहर छोड़ने की तैयारी में है। इसी बीच कुछ किसानो ने नहर में पानी छोड़ने की मांग को लेकर जल संसाधन विभाग पहुंच गए और एसडीओ सूर्यवंशी से चर्चा की और नहर को शीघ्र छोड़ने का आग्रह किया साथ ही नहर होली के पहले बंद करने की मांग भी की है। सिंगन वाडी, बैतूल बाजार ,अरुल, चिखल्या सहित अन्य किसानों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी से कहा कि गेहूं की फसल को अभी पानी की जरूरत है, नहर छोड़ने में लेट लतीफी होगी तो बाद में पानी व्यर्थ बहेगा। किसानो ने मांग रखी है कि एक मार्च को नहर छोड़ी जाए और होली तक



नहर बंद कर दी जाए क्योंकि होली के समय खेतों में पानी की सिंचाई नहीं हो सकेगी और पानी व्यर्थ बहेगा। किसानो का यह भी कहना है कि अभी कुछ किसानो का गन्ना कटाई भी बाकी है और शुगर मिल भी जल्दी बंद होने वाली है नहर होली तक बंद यदि हो जाती है तो नहरों से व्यर्थ बहने वाले पानी से खेतों का रास्ता गिला हो जाता है, जिसकी वजह से गन्ना कटाई नहीं हो सकेगी। यही वजह है कि किसानो ने नहरों में जल्दी में जल्दी पानी छोड़ने और होली तक बंद करने की मांग करते हुए कहा कि सिंचाई विभाग होली तक नहर बंद नहीं करेगा तो हम नहर नहीं छोड़ने देंगे। इस दौरान किसान मंटू वर्मा,गौतम वर्मा,राजू मुकेश वर्मा, मन्नू चौधरी, ओशिन वर्मा,यश वर्मा,अंकुर पटेल, शयन वर्मा,गोल्डी वर्मा, हर्षित वर्मा,शिवम् पटेल,गब्बर पवार,शिवा वर्मा,गगन वर्मा, मयंक वर्मा,ऋषभ वर्मा,आकाश लोखंडे,अभिषेक सरसोडे,दीपक वर्मा,अशोक बेडरे,सुजीत वर्मा सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

इस मामले में जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने बताया कि कुछ किसान नहर छोड़ने की मांग लेकर आए थे और नहर जल्दी बंद करने की मांग कर रहे थे, जिसकी चर्चा वरिष्ठ अधिकारियों से की जाएगी और नहर छोड़ी जाएगी। यदि टेल एरिया तक सिंचाई जल्दी हो जाएगी तो नहर भी जल्दी बंद कर दी जाएगी।

# बैतूल में क्रिकेट का महाकुंभ शुरू

- पहले मैच में जबलपुर ने नाशिक को दी शिकस्त
- आज सेंट्रल रेलवे नागपुर और क्रिकेट एकेडमी हरदा के बीच होगा मुकाबला

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के इतिहास की सबसे बड़ी इनामी राशि वाली अखिल भारतीय राजीव गांधी लेदरबाल क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, वरिष्ठ पत्रकार आनंद पांडे, बैतूल नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, पूर्व भाजपा अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, रामू टेकाम, अरुण गोठी, समीर खान, अमित महतो (शाहपुर), सोनालिका ट्रैक्टर के संचालक अमित अवस्थी, मुनि दीक्षित, बब्बा राठौर सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ।



टूर्नामेंट के पहले दिन का मुकाबला नर्मदा क्रिकेट क्लब जबलपुर और नाशिक क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। नाशिक क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन पूरी टीम 22.5 ओवर में मात्र 72 रन पर सिमट गई। ओपनर शोएब ने 31 रन की पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज नर्मदा क्रिकेट क्लब की धारदार गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सके। जबलपुर की ओर से शुभम यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में 17 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। 72 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदा क्रिकेट क्लब जबलपुर ने 9वें ओवर में 3 विकेट खोकर 76 रन बनाकर मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। निखिल ने 27 और देवांश ने 23 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। नाशिक की ओर से गेंदबाज अली ने 21 रन देकर 2 विकेट झटके।

इस मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले शुभम यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायरिंग की जिम्मेदारी मोहम्मद फारूक (इंदौर) और बिराल अली (भोपाल) ने निभाई, जो पूरे टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेंगे। कमेंट्री की कमान आशीष विक्की पवार के हाथों में रही, जबकि स्कोरिंग का कार्य शांतनु बाजपेयी और हर्षित पंडाग्रे ने किया। 28 फरवरी को दूसरा मुकाबला सेंट्रल रेलवे नागपुर और क्रिकेट एकेडमी हरदा के बीच सुबह 10 बजे से खेला जाएगा।

मध्यप्रदेश खनन क्षेत्र में अग्रणी राज्य

# आर्थिक विकास का इंजन बनेगा खनन क्षेत्र

## खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धि



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा खनन के क्षेत्र में सतत विकास हो रहा है। इससे न केवल आर्थिक विकास हो रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में खनन एवं खनिज संसाधन के अंतर्गत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 55 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा, जो प्रदेश के लिये बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रिय नीतियों से खनन क्षेत्र निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। राज्य खनन उद्योग में देश का अग्रणी केन्द्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनन क्षेत्र में देश की लीडिंग कम्पनियों ने रुचि दिखाई है। आने वाले समय में अडानी ग्रुप, रीवा, जबलपुर में, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट प्रायवेट लिमिटेड उज्जैन में, ऑरो कोल प्रायवेट लिमिटेड शहडोल में, आदित्य बिड़ला, ईएमआईएल माइंस एण्ड मिन रेस लिमिटेड रीवा में, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला ग्रुप रीवा में, स्टॉक्स वर्क्स प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर में, सारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड शहडोल में, जे.के. सीमेंट लिमिटेड शहडोल में, प्राइम-4 इंस्पेक्शन एलएलसी भोपाल में, रेकन केमिकल्स इंदौर में, बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड रीवा में और रामदास वर्मा एण्ड कम्पनी शहडोल में खनिज के क्षेत्र में कार्य करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कॉपर अयस्क, मैग्नीशियम अयस्क और हीरे के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है। यह देश का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है, जो खनन उद्योग में एक विशिष्ट पहचान दिलाता है। प्रदेश रॉक फॉस्फेट में दूसरा, चूना पत्थर (लाइम स्टोन) में तीसरा और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनिज संसाधन थर्मल पॉवर प्लांट, सीमेंट निर्माण, फेरोएलॉय, संगमरमर कटिंग और पॉलिशिंग इकाइयों तथा रिफैक्ट्री उद्योगों के विकास में सहायक है। इससे खनिज उद्योगों को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है और मध्यप्रदेश खनन और औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। निवेश अनुकूल नीतियों के कारण वर्ष 2023 में 85 खनन ब्लॉकों की रिकॉर्ड नीलामी कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश को जुलाई-2022 में भारत सरकार द्वारा खनिज नीलामी में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिये प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही लौह-अयस्क, चूना पत्थर और बॉक्साइट के खनिज नीलामी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को वर्ष-2024 में दूसरे राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन में खनन ब्लॉक नीलामी और सक्रिय खनन पहल के सम्मानित किया गया है। यह राज्य की खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता और दूरदर्शी नीतियों को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश अनुकूल नीतियाँ बनाते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने खनन के क्षेत्र में सरल और पारदर्शी प्रक्रियाएँ सुनिश्चित की हैं, जिससे घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिये आकर्षक अवसर उपलब्ध हों। मजबूत अधोसंरचना विकास के अंतर्गत राज्य में खनन हब सड़क, रेल और बंदरगाह उत्कृष्ट रूप से जुड़े हुए हैं। इससे परिवहन और निर्यात में आसानी होगी। राज्य में प्रशिक्षित श्रमिकों की प्रचुर उपलब्धता है, जो खनन और खनिज आधारित उद्योगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में सरकार पर्यावरण संवेदनशील और सतत खनन प्रथाओं को बढ़ावा दे रही है। इससे प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग होगा।

कमलनाथ ने उठाए सवाल, कहा-

## समिट से कोई सकारात्मक परिणाम निकलने की गारंटी नहीं



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इन्वेस्टर समिट को लेकर सवाल उठाए। 4 दिन के दौरे पर आए कमलनाथ ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन इसका कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता।

उन्होंने कहा, यह सब विश्वास पर निर्भर करता है। अगर उद्योगपतियों का सरकार पर विश्वास होगा, तो वे निवेश करेंगे, लेकिन अगर विश्वास ही नहीं होगा, तो निवेश कैसे होगा? कमलनाथ ने कहा कि इन्वेस्टर समिट से कोई सकारात्मक परिणाम निकलने की गारंटी नहीं है, क्योंकि निवेश के लिए पहले विश्वास का होना जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर समिट का परिणाम तब ही सकारात्मक हो सकता है, जब उद्योगपतियों का सरकार पर विश्वास मजबूत हो।

इससे पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने कहा था कि भोपाल में होने वाला वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन लोगों के लिए बड़ी उम्मीद लेकर आया है। कमलनाथ ने कहा था कि लोगों को इस बात से ज्यादा मतलब है कि यह सम्मेलन उनके लिए नौकरियां लेकर आएगा या नहीं। उन्होंने यह भी याद दिलाया था कि 2019 में उनकी सरकार ने भी ऐसा ही एक निवेश सम्मेलन किया था। लेकिन, उनका कहना है कि पिछले सम्मेलनों से राज्य को ज्यादा फायदा नहीं हुआ, बस बड़े उद्योगपतियों और नेताओं की तस्वीरें खिंचकर रह गईं।

समिट के बाद सहकारिता मंत्री ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

## निवेशकों को न हो कोई असुविधा, नोडल अधिकारी नियुक्त करें



**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग में निवेश विंग की स्थापना के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने विंध्याचल भवन स्थित सहकारिता विभाग में सहकारिता संबंधी निवेशकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा। साथ ही उन्होंने एक कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिये, जो आये प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के बाद हायर लेवल पर प्रस्तुत करेगी। मंत्री श्री सारंग मंत्रालय में जीआईएस के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसीलिये निवेशकों का विशेष ख्याल रखा जाये। सिंगल विण्डो सिस्टम से किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण हो।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विभाग के को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) मॉडल का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के हितग्राहियों को परस्पर लाभ प्रदान करने के साथ ही प्रदेश के दूसरे और तीसरे दर्जे के क्षेत्रों के विकास को तिगुनी गति प्रदान करना है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रबंध संचालक मार्कफेड आलोक कुमार सिंह, सहकारिता आयुक्त मनोज पुष्प, अपेक्स बैंक के प्रभारी प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता, राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक ऋतुराज रंजन, बीज संघ के प्रबंध संचालक महेन्द्र दीक्षित सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश प्रभारी ने ली पदाधिकारियों की बैठक

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर हुआ मंथन

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी हरीश चौधरी ने आज पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर जिलों के प्रभारियों और अध्यक्षों के साथ बैठक की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में हुई बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई।

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी नियुक्त होने के बाद इस राज्य के दौरे पर आए चौधरी इन दिनों विभिन्न जिलों की यात्रा कर रहे हैं। श्री चौधरी पिछले दो-तीन दिनों से राज्य के पश्चिमी हिस्से के झाबुआ और इंदौर आदि जिलों के दौरे पर थे और अब भोपाल के बाद विदिशा जिले के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने जनता से सीधा संवाद स्थापित करने, सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कार्यकर्ता प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाएंगे और सरकार की नाकामियों



को उजागर करेंगे। हर एक जिले में मंडल में संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने, सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार को प्रभावी बनाने और युवाओं को बड़ी संख्या में जोड़ने का काम किया जाएगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में महंगाई, बेरोजगारी, किसान और आदिवासी हितों, महिला सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया और प्रदेश महामंत्री (संगठन) संजय कामले भी मौजूद थे।

### विधायकों ने कहा 2 दिन ही रह पाएंगे

इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों की बैठक में श्री चौधरी ने प्रभारियों को महीने में 5 दिन जिले में रहने के लिए कहा तो, विधायकों ने कहा हमें अपने क्षेत्र में समय देना है और दूसरे जरूरी काम रहते हैं 2 दिन से ज्यादा का वक्त हम प्रभारी जिलों को नहीं दे पाएंगे। झाबुआ विधायक और देवास जिले के प्रभारी डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मेरी जिम्मेदारियां बढ़ गई है, वहीं विधायक होने के नाते स्वयं के क्षेत्र में भी समय देना है, आप चाहे तो किसी ओर को प्रभारी बना दीजिए। भोपाल शहर के प्रभारी और तराना विधायक महेश परमार ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री के गृह जिले से आता हूं। मुझे कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मैं 2 दिन से ज्यादा का वक्त नहीं दे सकूंगा। मनावर विधायक डॉ हीरालाल अलावा ने कहा कि मैं ज्यादातर वक्त अपने क्षेत्र को देता हूं। मेरा क्षेत्र बड़ा है, मैं कितना भी प्रयास करूंगा तो दो-तीन दिन से ज्यादा का समय प्रभार के जिले झाबुआ में नहीं दे पाउंगा।

## 12 मार्च को आएगा प्रदेश का बजट

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत 10 मार्च को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ होगी। इस सत्र में 11 मार्च को आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया जाएगा और 12 मार्च को बजट पेश किया जाएगा। बताया जाता है कि इस बार का बजट करीब 4 लाख करोड़ का होगा, जिसमें गरीब, किसान, महिला और युवा पर केन्द्रित होगा। बजट में सिंहस्थ और उद्योगों के लिए भी विशेष प्रावधान होंगे।

वहीं इस बार के बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, जनजातीय कार्य और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के लिए बजट में खासी राशि का प्रावधान किया जा सकता है।

राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने दिये निर्देश

## केबिल बिछाने खोदी गई सड़कों की तुरंत मरम्मत करें



**भोपाल, देशबन्धु।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने एमपीईबी के अधिकारियों से कहा कि बिजली की अंडरग्राउंड केबिल बिछाने में खोदी गई सड़कों की तुरंत मरम्मत करें। श्रीमती गौर ने कल्पना नगर, शिव नगर फेस-1 और फेस-2 वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर की शिकायत पर निर्देश दिये। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि खोदी गई सड़कों की मरम्मत को एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में की गई कार्यवाही का जायजा लेगी। श्रीमती गौर ने कहा कि भविष्य में सड़क निर्माण ऐजेंसी, नगर निगम और एमपीईबी के अधिकारी समन्वय बनाकर रखें जिससे ऐसी स्थिति नहीं बने। सड़क बनने के पहले केबिल बिछाने का कार्य किया जाये।

प्रमुख सचिव ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# किसानों को उपार्जित गेहूं का भुगतान समय पर करें

### वेयर हाउस के लंबित भुगतान भी जल्द किये जायेंगे




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सागर एवं शहडोल संभाग के कमिश्नर एवं कलेक्टर्स से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों से अच्छी गुणवत्ता का गेहूं उपार्जित करें। साथ ही उपार्जित गेहूं का भुगतान समय पर करें। गौरतलब है कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गत दिनों गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान जिलेवार उपार्जन तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिये थे।

श्रीमती शमी ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिये सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसानों को गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन कराने के लिये जागरूक करें। उन्होंने संभागायुक्त और जिलों के कलेक्टर्स से अलग-अलग बात कर गेहूं उपार्जन के लिये की गई तैयारियों की जानकारी ली। अभी तक 3 लाख से अधिक किसान गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन करा चुके हैं। श्रीमती शमी ने बताया कि वेयर हाउस के लंबित भुगतान भी जल्द किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि गेहूं उपार्जन के लिये किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं का उपार्जन 1 मार्च से 18 अप्रैल तक होगा। शेष संभागों में 17 मार्च से 5 मई तक गेहूं का उपार्जन किया जायेगा।

संचालक खाद्य कर्मवीर शर्मा ने कहा कि उपार्जित गेहूं का परिवहन जल्द किया जाये। गेहूं के भंडारण की समुचित व्यवस्था करें। उपार्जन केन्द्रों की माइक्रो प्लानिंग करें। इस बात ध्यान रखें कि उपार्जन केन्द्रों में किसानों को कोई कठिनाई नहीं हो। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों का सत्यापन कराएं।

एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा ने किसानों के रजिस्ट्रेशन पर जोर दिया। उन्होंने धान मिलिंग की समीक्षा की तथा मिलिंग का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। श्री वर्मा ने परिवहन संबंधी लंबित बिलों को जल्द भेजने के निर्देश दिये।

## विधवा महिलाओं को विवाह करने पर मिलेंगे 2 लाख

### कल्याणी विवाह पोर्टल बनाया

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विधवा महिलाओं के उत्थान के लिए कल्याणी योजना लागू करने जा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश की विधवा महिलाओं को विवाह के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार विवाह करने वाली महिलाओं को 2 लाख रुपए की राशि प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए अब मंत्रियों को विभाग के बजट और समीक्षा के साथ जिलों में इस तरह के विवाह आयोजनों पर भी फोकस करना होगा।

इस संबंध में प्रदेश सरकार ने अपने सभी मंत्रियों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग, प्रभार के जिलों और क्षेत्र में विधवा महिलाओं को प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया है। इस योजना के तहत सामूहिक विवाह के कार्यक्रमों के जरिए विवाह होने पर 2 लाख की प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था भी तय कर रखी है। विगत दिनों 24 जनवरी 2025 को मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सामूहिक विवाह आयोजन के साथ ही कल्याणी विवाह को प्रोत्साहित करने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए कल्याणी विवाह पोर्टल https://vivahportal.mp.gov.in भी बनाया गया है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद कल्याणियों की जानकारी सुलभता से मिल सकेंगी।

# केसरी आज होंगे सेवानिवृत्त, शुक्ल को मिलेगा प्रमोशन

**भोपाल, देशबन्धु।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद नगरीय विकास और आवास विभाग के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत हो जाएंगे। इस संबंध में कल सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किया जाएगा।

हालांकि जनवरी में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव रहे एसएन मिश्रा और अपर सचिव अक्षय कुमार सिंह पहले ही सेवानिवृत्त हो गए। इनकी सेवानिवृत्ति के बाद प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे और प्रदेश में पदस्थ आईएएस अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत किया जा रहा है। इसके बाद 28 फरवरी शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण अजीत केसरी सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनकी जगह लेने वालों में मध्यप्रदेश में पदस्थ अधिकारियों में नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल का नाम सबसे ऊपर है। इसलिए कल ही शुक्ल को अपर मुख्य सचिव बनाए जाने के आदेश सामान्य प्रशासन विभाग जारी कर सकता है। दिल्ली में वित्त मंत्रालय में पदस्थ मध्यप्रदेश कैडर के अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी मनोज गोविल की सेवानिवृत्ति मार्च में होगी। वे केंद्र में पदस्थ हैं, इसलिए उनकी सेवानिवृत्ति पर किसी अधिकारी को पदोन्नति नहीं मिलेगी।

### रश्मि शमी बनेंगी अपर मुख्य सचिव

जनवरी और फरवरी में 2 आईएएस अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के बाद अब मई में अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार सेवानिवृत्त होंगे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद रश्मि अरुण शमी अपर मुख्य सचिव पदोन्नत होंगी। जुलाई माह में मो. सुलेमान और अगस्त में मुख्य सचिव अनुराग जैन व अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया का सेवानिवृत्त होने वाले हैं। जैन को सेवावृद्धि नहीं मिली तो 1 सितम्बर से 2 प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव बनने का मौका मिलेगा। मो. सुलेमान की सेवानिवृत्ति के बाद प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी को अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नति मिलेगी। फिर दीपाली रस्तोगी और शिवशेखर शुक्ला पदोन्नत होंगे।

राज्यपाल ने कटनी के ग्राम कोठी में बैगा परिवारों से किया संवाद

# हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास में कराया गृह प्रवेश, कहा- बदल रहा जनजातीय समुदाय का जीवन

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित कर रही हैं। पीएम जन-मन योजना के द्वारा बैगा, सहरिया एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में पक्का आवास, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के पीएम जनमन ग्राम कोठी में बैगा जनजाति के लोगों से संवाद के दौरान कही।

राज्यपाल ने जनमन ग्राम कोठी में बैगा हितग्राहियों के साथ संवाद कार्यक्रम के पहले, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के हितग्राहियों के घर भी पहुंचे। उन्होंने योजना से लाभ मिलने के बाद हितग्राही के जीवन में आए बदलाव को जाना। श्री पटेल ने सर्वप्रथम पीएम जनमन आवास हितग्राही



चंदाबाई बैगा, भल्लू बैगा और सोनी बैगा को प्रधानमंत्री आवास योजना से बने पक्के आवास में विधि-विधान और पूजा-अनुष्ठान के साथ गृह प्रवेश कराया। श्री पटेल का बैगा समुदाय के लोगों ने तिलक लगाकर और शाल पहनाकर स्वागत किया। बैगा परिवारों ने उपहार स्वरूप उन्हें लोक कला पर आधारित पेन्टिंग भेंट की गई।

श्री पटेल ने संवाद कार्यक्रम में लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा भी की। इस दौरान आजीविका मिशन के मुर्गी पालन समूह की दीदी राजकुमारी ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद करीब 8 हजार रूपये प्रतिमाह की अतिरिक्त आमदनी हो जाती है। पति खेती-किसानी का काम करते हैं, जिससे उनका अच्छे से जीविकोपार्जन हो रहा है। उन्होंने उपस्थित बैगा परिवारों को अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शिक्षित होकर ही जीवन में आगे बढ़ सकता हैं। घर के बेटा-बेटी पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे और उन्नति करेंगे।

उन्होंने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की सलाह भी दी। श्री पटेल ने ग्राम कोठी में 60 लाख की लागत से निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय केन्द्र के भवन निर्माण कार्य और यहां बैगा मोहल्ला में करीब 12 लाख की लागत से बन रहे आंगनबाड़ी भवन निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने अधिकारियों को गुणवत्ता भवन निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वहीं कोठी गांव में सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत 15 वर्षीय क्षय रोगी बालिका को फूड बास्केट पोषण आहार किट प्रदान किया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**हाईकोर्ट ने घटाया 80....** किया जाए या फिर उसका स्थानांतर किया जाए। अदालत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर या फिर लद्दाख में सिर्फ इसलिए टोल प्लाजा नहीं लगने चाहिए कि जनता से नोट कमाने हैं। दरअसल अदालत ने यह आदेश जनहित याचिका पर दिया, जिसे सुगंधा साहनी नाम की महिला ने दाखिल किया था। इस अर्जी में उन्होंने लखनपुर, ठंडी खुई और बान प्लाजा से टोल वसूले जाने पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि इस एरिया में सड़क की स्थिति बेहद खराब है। फिर यात्रियों को यहां से गुजरने पर इतनी मोटी टोल फीस क्यों देनी पड़ रही है।

**आतिशी ने राष्ट्रपति से....** इसलिए हमें विधानसभा परिसर में भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। यह गैर लोकतांत्रिक और गैर संवैधानिक है। आज तक देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है। किसी भी विधानसभा में चुने हुए विधायक को कभी नहीं रोका जाता। संसद में भी गांधी प्रतिमा के नीचे निलंबित होने पर भी विरोध होते हैं। आखिरकार हमें कैसे रोका जा सकता है? हमने अध्यक्ष से बात करने की कोशिश की लेकिन कोई बात नहीं हो रही है।

**पर्यटक सड़क मार्ग से....** कम खर्चीली हो गई है। दिल्ली के एक पर्यटक रोहन शर्मा के बकौल, हवाई किराया बहुत महंगा हो गया है। दो हवाई जहाज टिकटों के बराबर कीमत में, हमने एक आरामदायक एसयूवी किराए पर ली और पहाड़ों के बीच एक शानदार सड़क यात्रा का आनंद लिया। यह एक बहुत ही यादगार अनुभव था। मुख्य रूप से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से कश्मीर की सतही यात्रा, यात्रियों को जम्मू के मैदानों से लेकर हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों तक, भारत के बदलते परिदृश्यों को देखने का मौका देती है।

हालांकि सड़क यात्रा लंबी है, लेकिन पर्यटकों का कहना है कि इससे लचीलापन मिलता है, सुंदर जगहों पर रुकना पड़ता है और क्षेत्र की संस्कृति और लोगों के साथ गहरा जुड़ाव होता है। एक टूर ऑपरेटर उमर अहमद कहते थे कि हमने सड़क यात्रा पैकेजों के लिए पूछताछ में निश्चित रूप से वृद्धि देखी है। पर्यटक अब कश्मीर जाने के लिए गाड़ी चलाने या कैब लेने के विचार के प्रति अधिक खुले हैं। हम उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने और उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने में प्रसन्न हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।